

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

गर्मियों में पसीने को नियंत्रित करने ...8



दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शनिवार, 15 अप्रैल 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 114 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## असद के एनकाउंटर की मेडिकल रिपोर्ट आई सामने, छापी और पीठ में लगी गोली से हुई मौत

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश विशेष कार्यबल (एसटीएफ) द्वारा झांसी में माफिया अतीक अहमद के बेटे असद और उसके एक साथी गुलाम को मुठभेड़ में मार गिराए जाने के बाद उसकी मेडिकल रिपोर्ट सामने आ गई है, जिसमें बड़ा खुलासा हुआ है। इस रिपोर्ट के मुताबिक असद को दो गोलियां लगी थी। इसमें से एक गोली उसे पीठ में और दूसरी गोली उसे छाती में लगी थी। जानकारी के मुताबिक असद को छाती में लगी गोली उसकी गर्दन में जाकर फंसी थी। वहीं असद के साथी अहमद की पीठ में एक गोली लगी थी जो छाती चिरते हुए बाहर निकल गई थी। गौरतलब है कि दोनों ही आरोपियों को पुलिस ढूंढ रही थी। इन पर उमेश पाल की हत्या करने का आरोप था। दोनों ने 24 फरवरी को प्रयागराज में अपने साथियों के साथ मिलकर उमेश व उसकी रक्षा में लगे दो सिपाहियों की हत्या कर दी थी। बता दें कि विशेष अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून व्ध्यवस्ध्था) प्रशांत कुमार ने कहा, "प्रयागराज में उमेश पाल हत्ध्याकांड में वांछित असद अहमद और गुलाम पांच–पांच लाख रुपये के इनामी बदमाश थे। दोनों की झांसी में एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मौत हो गई।" कुमार ने बताया कि मुठभेड़ में शामिल उत्तर प्रदेश एसटीएफ की टीम का नेतृत्व पुलिस उपाध्ीक्षक नवेंदु कुमार और विमल कुमार सिंह ने किया। इस मुठभेड़ के बाद समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि झूठे एनकाउंटर करके भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है। पुलिस को मिले अत्याधुनिक उपकरणः बाद में कुमार ने पुलिस मुख्यालय में अपर पुलिस महानिदेशक (एसटीएफ) अमिताभ यश के साथ पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस अभियान में दो पुलिस उपाध्ीक्षक, दो निरीक्षक, एक उप निरीक्षक (एसआई), पांच हेड कांस्ध्टेबल तथा दो कमांडो शामिल थे। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए आरोपियों के पास से अत्ध्याधुनिक विदेशी हथियार बरामद किए गए हैं। इनमें ब्रिटिश बुलडाग रिवॉल्ध्वर तथा वाल्ध्थर पिस्ध्तौल शामिल है। कुमार ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार की दोपहर साढे्ध बारह बजे से एक बजे के बीच हुई। उन्होंने कहा कि ऐसी खुफिया जानकारी मिली थी कि अतीक अहमद को साबरमती जेल से झांसी के रास्ते प्रयागराज लाने वाले वाहन पर हमला किया जा सकता है। अतीक का नाम लिए बिना कुमार ने कहा, हमें सूचना मिली थी कि साबरमती जेल से उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी को लाने वाले काफिले पर हमला किया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि यह मुठभेड़ उसी दिन हुई, जिस दिन गुजरात की साबरमती जेल से सड़क मार्ग से प्रयागराज ले जाए गए अतीक और उसके भाई अशरफ को उमेश पाल हत्याकांड के सिलसिले में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया। एसटीएफ अधिकारियों के मुताबिक, उमेश पाल की हत्या के बाद असद और गुलाम फरार थे और इन दोनों को पकड़ने के लिए एसटीएफ की कई टीमों को लगाया गया था।



अधिकारियों के अनुसार, झांसी में बृहस्पतिवार को एसटीएफ की एक टीम ने जब मोटरसाइकिल से भागने की कोशिश कर रहे असद और गुलाम को रोका, तो दोनों ने उन पर गोलियां चलाईं। उन्होंने बताया कि एसटीएफ की जवाबी कार्रवाई में असद और गुलाम मारे गए। गौरतलब है कि 2005 में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक राजू पाल की हत्या के मामले के मुख्य गवाह उमेश पाल और उसके दो सुरक्षा गार्ड की इस साल 24 फरवरी को प्रयागराज के धूमनगंज इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उमेश पाल की पत्नी जया पाल की तहरीर पर 25 फरवरी को अतीक, उसके भाई अशरफ, पत्नी शाइस्ता परवीन, असद सहित दो बेटों, शूटर गुड्डू मुस्लिम व गुलाम तथा नौ अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मुठभेड़ के बाद जया पाल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रशासन का आभार जताया।

## बंगाल में ममता बनर्जी पर बरसे अमित शाह

### कहाः रामनवमी पर हमला करने की किसी की नहीं होगी हिम्मत

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पश्चिम बंगाल के दौरे पर रहे। इस दौरान बीरभूम से उन्होंने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भी जनता से भाजपा को समर्थन देने की अपील की। अमित शाह ने अगले लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल की 42 में से 35 सीटों पर भाजपा की जीत सुनिश्चित करने की अपील करते हुए लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि लक्ष्य हासिल कर लिया गया तो तृणमूल कांग्रेस सरकार 2025 से आगे नहीं चल पाएगी। ममता को बताया हिटलरः ममता बनर्जी सरकार पर "हिटलर जैसा शासन" चलाने के लिए निशाना साध्ाते हुए शाह ने कहा कि अगर भारतीय जनता पार्टी 2024 में राज्य में 35 से अध्िाक सीटें जीतकर सत्ता में लौटती है, तो "कोई भी राज्य में रामनवमी की रैलियों पर हमला करने की हिम्मत नहीं करेगा।" इस महीने की शुरुआत में रामनवमी उत्सव के दौरान राज्य के विभिन्न स्थानों पर हिंसा हुई थी। शाह ने यहां बीरभूम जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा, "मैं साफ–साफ कह दूं कि नरेन्द्र मोदी फिर से देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। 2024 के लोकसभा चुनावों में, हमें पश्चिम बंगाल से 35 से अधिक सीटें दें, और मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि ममता बनर्जी सरकार 2025 से आगे नहीं टिक पाएगी।" ममता बनर्जी सरकार 2026 में अपना तीसरा कार्यकाल पूरा करने वाली है। उन्होंने कहा, "ममता बनर्जी भले ही अपने भतीजे को अगला मुख्यमंत्री बनाने का सपना देखती हों, लेकिन पश्चिम बंगाल का अगला मुख्यमंत्री भाजपा का ही होगा। केवल भाजपा ही भ्रष्ट टीएमसी से लड़ सकती है और उसे हरा सकती है।" उन्होंने कहा कि दीदी और उनके भतीजे के अत्याचारों से छुटकारा पाने के लिए बीजेपी को जिताने में मदद करनी चाहिए। राज्य में बढ़ रही तस्करी की घटनाओं को रोकने के लिए बीजेपी को सत्ता की चाबी संभालने का मौका जनता को देना चाहिए। बनर्जी के भतीजे अभिषेक तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव और सांसद हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। शाह की टिप्पणियों पर टीएमसी ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पार्टी ने इसे "अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक" करार दिया। गौरतलब है कि इस वर्ष रामनवमी यानी 30 मार्च को निकाली गई शोभा यात्रा के दौरान बंगाल में हिंसा की घटना हुई थी। इस दौरान सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस विपक्षी पार्टी भाजपा पर हिंसा करवाने का आरोप लगाती रही है।




## उत्तर कोरिया ने ठोस–ईंधन आधारित लंबी दूरी की मिसाइल का किया परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया का कहना है कि उसने एक नव विकसित अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) का परीक्षण किया है, जो अमेरिका की मुख्यभूमि को निशाना बना सकती है। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसके हालिया हथियार परीक्षण में ठोस प्रणोदक द्वारा संचालित लंबी दूरी की एक नई मिसाइल शामिल है, जिसे उसने अपने परमाणु शस्त्रागार का "सबसे शक्तिशाली" हिस्सा बताया जो अमेरिका और एशिया में उसके सहयोगियों को निशाना बना सकती है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने यह खबर ऐसा समय में दी है, जब एक दिन पहले उसके पड़ोसियों ने दावा किया था ।

## गोवा पुलिस के नोटिस पर केजरीवाल ने कहा, निश्चित तौर पर जाऊंगा

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि वह 2022 के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध रूप से पोस्टर चिपकाने से संबंधित एक मामले में पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए निश्चित रूप से गोवा जाएंगे। गोवा पुलिस के नोटिस के बारे में पूछे जाने पर केजरीवाल ने कहा, ''मैं जाऊंगा। मैं निश्चित तौर पर जाऊंगा।'' गोवा पुलिस ने बृहस्पतिवार को केजरीवाल को नोटिस जारी किया था और उनसे 27 अप्रैल को पेश होने को कहा था।पेरनेम पुलिस थाने के निरीक्षक दिलीप कुमार हलारंकर ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41 (ए) के तहत आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को नोटिस जारी किया है। दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 41 (ए) के तहत, यदि 'उचित' शिकायत या संदेह है कि व्यक्ति ने अपराध किया है तो पुलिस उसे पूछताछ के लिए बुला सकती है। केजरीवाल को जारी किए गए नोटिस में गोवा पुलिस ने कहा,'' संपत्ति के विरूपण के एक मामले की जांच के दौरान, यह पता चला है कि मौजूदा जांच के संबंध्ा में तथ्यों और परिस्थितियों की जानकारी लेने के लिए आपसे पूछताछ करने का उचित आधार है।'' नोटिस के मुताबिक केजरीवाल को 27 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे पेरनेम थाने में पेश होने के लिए कहा गया है। आप ने भाजपा शासित राज्य में 2022 के विधानसभा चुनाव में दो सीटें जीती थीं।



## देश में 500 चोरियों को अंजाम देने वाला सुपर चोर बंटी हुआ गिरफ्तार, बन चुकी है फिल्म

सुपर चोर नाम से जाने जाना वाला बंटी उर्फ देवेंद्र को दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बंटी को पुलिस ने हाल ही में ग्रेटर कैलाश में हुई चोरी के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी बंटी को पकड़ने के लिए कानपुर तक उसका पीछा किया था। इसके बाद ही पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी बंटी को गिरफ्तार करने के बाद उसके पास से 2 लैपटॉप, 3 मोबाइल फोन, 5 एलसीडी और अन्य सामान बरामद किए है। आरोप है कि बंटी ने देश भर में कुल 500 चोरियों को अंजाम दिया है। वो इतना बड़ा चोर है कि उसके नाम पर बॉलीवुड में फिल्म तक ब न चुकी है। वो रियलिटी शो बिग बॉस का हिस्सा भी बन चुका है, मगर उसने बिग बॉस शो को बीच में ही छोड़ दिया था। बता दें कि उसे 10 साल की सजा भी हो चुकी है जो उसे केरल के तिरुअनंतपुरम में साल 2013 में एक कारोबारी के घर चोरी करने पर सुनाई गई थी। इस दौरान आरोपी ने कारोबारी के घर से 28 लाख की गाड़ी, दो मोबाइल चुराए थे। पुलिस के मुताबिक बंटी ने अपराध छोड़ने की बात कही थी। मगर वो बार बार चोरी करने की घटनाओं को अंजाम देता रहा है। खास अंदाज में करता है चोरीः जानकारी के मुताबिक चोरी की घटनाओं को बंटी खास अंदाज में अंजाम देता है। वो चोरी की वारदात को देर रात दो बजे से सुबह 6 बजे के बीच अंजाम देता है। ये घर के दरवाजे या खिड़की खोलने के लिए पेचकस या लीवर की मदद लेता है। वो दरवाजे खोलने के लिए किसी अन्य औजार का उपयोग नहीं करता है। बंटी आमतौर पर महंगी चीजों जैसे लग्जरी कार, विदेशी गाड़ी, एन्टीक फर्नीचर, ज्वैलरी आदि पर आंख रखकर उन्हें चोरी करता है।



## बीजेपी के साथ हमारी लड़ाई विचारधारा कीः गहलोत

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ कांग्रेस की लड़ाई को 'विचारधारा की लड़ाई' करार देते हुए शुक्रवार को आरोप लगाया कध्ि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा संविधान की मूल भावना के अनुसार नहीं चल रही है और देश में संविध्ाान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। गहलोत ने बाबा साहेब की जयंती पर यहां आम्बेडकर सर्किल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा, ''देश में संविधान की धज्जियां उड़ रही हैं, लोकतंत्र खतरे में पड़ गया है। आज सबसे बड़ी आवश्यकता है अहिंसा का रास्ता अख्तियार करने की। हमारे समक्ष सबसे बड़ी चुनौती इस बात की भी है कि संविधान की रक्षा कैसे की जाये और लोकतंत्र मजबूत कैसे रहे।'' गहलोत ने कहा, ''भाजपा के साथ हमारी लड़ाई विचारधारा की (लड़ाई) है। भाजपा संविधान की मूल भावना के अनुसार चल नहीं रही, इसलिए आज लोकतंत्र के खतरे की बात होती है।'' उन्होंने कहा, ''देश एक रहे, अखंड रहे, इसके लिए इंदिरा गांधी जी ने जान दे दी, राजीव गांधी शहीद हो गए। ऐसे में इस मुल्ध्क में हम सबका संकल्ध्प होना चाहिए कि हम बाबा साहेब आम्बेडकर के सपने और भावना के अनुकूल चलें।'' संविधान की मूल भावना व इसमें वर्णित कर्तव्यों का जिक्र करते हुए उन्ध्होंने कहा कि अगर इन्हीं भावनाओं और कर्तव्यों केअनुरूप सभी लोग एवं राजनीतिक दल चलें तो देश की आधी अंदरूनीसमस्याओं का समाध्ाान हो जाएगा। गहलोत ने छुआछूत को मानवता पर कलंक बताते हुए कहा, "इक्कीसवीं सदी मेंभी, छुआछूत की भावना यदि जीवित है तो यह मानवता पर कलंक है।'' गहलोत ने जवाहर कला केन्द्र में डॉ. आम्बेडकर के जीवन पर आधारित कला प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली, जन अभाव अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर, विधायक प्रशांत बैरवा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## असम में बिहू उत्सव पर 11,304 नर्तकों, ढोल वादकों ने प्रस्तुति देकर बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

गुवाहाटी। नर्तकों और ढोल वादकों के साथ एक ही स्थान पर बिहू नृत्य करने और ढोल बजाने के साथ बृहस्पतिवार को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया। राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह लोकनृत्य का सबसे बड़ा आयोजन था। लंदन में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स मुख्यालय के एक निर्णायक की उपस्थिति में कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी और बिहू नृत्य और ढोल के लिए यह वैश्विक उपलब्धि हासिल की। हिमंत विश्व शर्मा ने यहां इंदिरा गांधी एथलेटिक स्टेडियम में कहा,''हमने 11,304 नर्तकों और ढोल वादकों के साथ प्रस्तुति देकर बिहू नृत्य और बिहू ढोल, दोनों के लिए विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं। यह एक ही स्थान पर सबसे बड़ा बिहू नृत्य और बिहू ढोल प्रदर्शन है।'' गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में बिहू दर्ज करने की प्रक्रिया असम सरकार द्वारा शुरू की गई थी।






## असद अहमद एनकाउंटर के बाद डिंपल यादव का बयान आया सामने, यूपी में कानून को लेकर कर दी बड़ी बात

माफिया अतीक अहमद के बेटे असद अहमद के साथ ही शूटर गुलाम मोहम्मद के एनकाउंटर के बाद अब इस मुद्दे पर राजनीति हो रही है। इसी बीच मैनपुरी सपा सांसद डिंपल यादव ने भी अपनी प्रतिक्रिया दे दी है। इस मामले पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव भी काफी कुछ कह चुके है वहीं अब उनकी पत्नी ने भी इस मामले पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार फेक एनकाउंटर हो रहे है। भारत लोकतांत्रिक देशक है, जहां नियमों और कानून है मगर उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में इन नियमों की लगातार ध्ाज्जियां उड़ाई जा रही है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार नियमोंऔर कानूनों की धज्जियां उड़ा रही है। इससे पहले समाजवादी पार्टी के प्रमख अखिलेश यादव भी भाजपा सरकार पर तंज कस चुके है। उन्होंने कहा था कि भाजपा भाईचारे के खिलाफ है। उन्होंने ट्वीट कर कहा था कि झूठे एनकाउंटर कर भाजपा सरकार सच्चे मुद्दों से ध्यान भटकाना चाह रही है। भाजपा कोर्ट में विश्वास नहीं रखती है। उन्होंने मांग की थी कि इस एनकाउंटर की भी जांच होनी चाहिए और दोषियों को छोड़ा नहीं जाना चाहिए। उन्होंने तंज कसते हुए कहा था कि सही और गलत के फैसलों का अधिकार सत्ता को नहीं होता है।



### ऐसे हुआ दोनों का एनकाउंटर

यूपी एसटीएफ की टीम ने असद का एनकाउंटर किया है। असद के साथ उसका सहयोगी गुलाम भी मारा गया है। दोनों पर पांच–पांच का इनाम था। पुलिस ने बताया कि दोनों को जिंदा पकड़ने की कोशिश हुई। अतीक का बेटा असद लगातार फरार चल रहा था। उमेश पाल हत्याकांड मामले में उसका नाम आया था। जिसके बाद उसके ऊपर 5 लाख का इनाम भी रखा गया था। यूपी STF ने अपने बयान में बताया कि अतीक अहमद का बेटा असद और मकसूदन का बेटा गुलाम झांसी में डीएसपी नवेंदु और डीएसपी विमल के नेतृत्व में यूपीएसटीएफ की टीम के साथ मुठभेड़ में मारा गया।

# अब महीने में चार दिन मनाया जाएगा पीएमएसएमए दिवसः सीएमओ

## गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व गुणवत्तापरक जाँच व उपचार प्रदान करने का स्वास्थ्य विभाग का नया प्रायोजन,

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। सुरक्षित प्रसव और माँ–बच्चे की सेहत सुरक्षा के लिए प्रत्येक माह की नौ तारीखध को सभी सरकारी स्वास्थ्य इकाईयों पर तथा 24 तारीखध को प्रथम संदर्भन इकाईयों (एफआरयू) पर 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' (पीएमएसएमए) दिवस मनाया जाता हैद्य इस अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा समुदाय की सभी उच्च जोखिम वाली गर्भवती तक स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नयी पहल की है, जिसके तहत अब प्रत्येक माह की 01 और 16 तारीखध को भी स्वास्थ्य केन्द्रों पर पीएमएसएमए दिवस का आयोजन किया जाएगाद्य सीएमओ डॉ रश्मि वर्मा ने बताया कि' पूर्व में मिले शासनादेशों के क्रम में प्रत्येक माह की नौ तारीख एवं 24 तारीख को सरकारी अस्पतालों में 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक' का आयोजन कर द्वितीय तृतीय तिमाही वाली गर्भवती को कम से कम एक बार विशेषज्ञ अथवा एमबीबीएस चिकित्सक की देखरेख में जाँच, उपचार, पोषण और परिवार नियोजन की सलाह दी जाती है। यह अभियान नौ तारीख को समस्त ब्लॉक स्तरीय स्वास्थ्य इकाईयों, जिला महिला अस्पताल तथा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर तथा 24 तारीखध को जिले के चार एफआरयू (प्रथम संदर्भन इकाई)– जिला महिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करनैलगंज, मनकापुर व वजीरगंज पर चलाया जाता है इस मौके पर गर्भवती को प्रसव पूर्व की समस्त जांचें जैसे–हीमोग्लोबिन, शुगर, यूरिन जांच, ब्लड ग्रुप, एचआईवी, सिफलिस, वजन, ब्लड प्रेशर तथा अन्य जांच एवं अल्ट्रासाउंड सुविधा दी जाती है। साथ ही टिटनेस–डिप्थीरिया (टीडी) का टीका लगाया जाता है और आयरन, फोलिक एसिड, कैल्शियम आदि आवश्यक दवाएं दी जाती हैं। इसके अलावा गर्भवती और उनके साथ आए घर वालों को सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया जाता ह। उन्होंने बताया कि द्वितीय तृतीय तिमाही की संभावित गर्भवती महिलाओं के सापेक्ष पीएमएसएमए दिवस पर गर्भवती महिलाएं कम संख्या में लाभान्वित हो रही हैं। इसके दृष्टिगत राज्य स्तर पर यह निर्णय लिया गया है कि पीएमएसएमए दिवस का आयोजन माह में 09 एवं 24 तारीखध के अतिरिक्त प्रत्येक माह की 01 एवं 16 तारीख को भी किया जाएगा और स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ ध् एमबीबीएस चिकित्सक की देखरेख में प्रसव पूर्व समस्त जाँच और उपचार की गुणवत्तापरक सेवाएं दी जाएंगी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी आरसीएच डॉ एपी सिंह' ने बताया कि पीएमएसएमए आयोजन का मुख्य उद्देश्य विशेषज्ञ डॉक्टर ध् एमबीबीएस चिकित्सक की देखरेख में सभी गर्भवती महिलाओं की दूसरी और तीसरी तिमाही में प्रसव पूर्व कम से कम एक जांच सुनिश्चित करना है, विशेषकर उन गर्भवती महिलाओं को जो किसी कारणवश पंजीकरण नहीं करा सकी हैं या पंजीकरण के बाद एएनसी सेवाओं का लाभ नहीं उठाया है यानि उच्च जोखिम वाली सभी गर्भवती महिलाओं तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना ही पीएमएसएमए आयोजन का उद्देश्य है। डीपीएम अमरनाथ' ने बताया कि पीएमएसएमए दिवस पर गर्भवती और उनके साथ आए घर वालों को सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए प्रेरित किया जाता है। गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा आवश्यकतानुसार निजी यूएसजी केंद्रों पर भी ई–रूपी वाउचर के माध्यम से दी रही है।

# धूमधाम से मनाई गई डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की 132वीं जयंती

**■ कलेक्ट्रेट में डीएम व एडीएम ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित किए श्रद्धासुमन**

**■ विकास भवन में भी हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती**

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संत कबीर नगर। भारत रत्न बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की 132 वीं जयन्ती जनपद में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संदीप कुमार व अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि हमारा संविधान विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की आत्मा है। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने समाज के हर वर्ग, हर तबके का ध्यान रखा, भारतीय संविधान में भारत के नागरिकों को समान अधिकार दिलाया। जिसका परिणाम है कि विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों, भाषाओं आदि की विविधता के



बावजूद हमारा देश एक सूत्र में बंधा हुआ है। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर सभी अधिकारियों–कर्मचारियों का आह्वान किया कि वे सब संवैधानिक दायरे में रहकर अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करें, यही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने कहा कि अंबेडकर जी एक व्यक्ति नहीं बल्कि अपने आप में एक संस्था थे। उन्होंने कहा कि यदि हमें अपने दायित्व का बोध हो और हम उनका सम्यक निर्वहन निष्ठा के साथ करें तो निश्चित ही डॉ भीम राव अम्बेडकर जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि हम सबकों डॉ भीमराव अंबेडकर जी के आदर्शों, संघर्षों और उनके जीवन मूल्यों से सीख लेकर उसे अपने व्यवहार में लाने की कोशिश करनी चाहिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी नवीन श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक संजय कुमार नायक, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी रवीश चंद्र, प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट सुधीर कुमार श्रीवास्तव, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित कलेक्ट्रेट के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इसी क्रम में विकास भवन में भी भारत रत्न बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। जिलाधिकारी संदीप कुमार ने विकास भवन पहुंचकर डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार एवं विकास भवन के अन्य अधिकारियों ने बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्य विकास अधिकारी संत कुमार ने कहा कि भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर जी कमजोर वर्ग को आगे बढ़ाने के लिए जो संवैधानिक व्यवस्था बनाई वह अपने आप में विशिष्ट है। उन्होंने कहा कि हम विविधताओं, विषमताओं, असमानताओं के बावजूद, इतने वर्षो से साथ बने हुए है तो इसका बहुत बड़ा कारण हमारा संविधान ही है। भारतीय संविधान ने भारत को वह ऊँचाईयां दी है जिसके कारण आज भारत पूरे विश्व में एक अलग और मजबूत राष्ट्र के रूप में नजर आता है। इस अवसर पर विकास भवन के समस्त अधिकारीगणों एवं कर्मचारियों ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

# अवैध टैक्सी स्टैंड पर कब होगी कार्रवाई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर । सार्वजनिक स्थानों से अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने का मुख्यमंत्री का निर्देश बेअसर साबित हो रहा है। नगर पंचायत मेहदावल शीतला मंदिर पर टैक्सियां खड़ी हो रही हैं। अवैध स्टैंड होने के चलते यहां अक्सर जाम लग जाता है।प्रशासन ने अभियान चलाकर कुछ जगहों से अवैध टैक्सी स्टैंड हटवाया, मेहदावल नगर पंचायत में सड़क पर अवैध स्टैंड चल रहा है। मेहदावल नगर पंचायत में कुल 3 स्टैंड है ।करमैनी रोड जीपी स्टैंड, पेट्रोल पंप, और रोडवेज लेकिन इसके अलावा दो–तीन अवैध रूप से चल रहे हैं टैक्सी स्टैंड। ई रिक्शा चालक श्रवन कुमार ने लगाया आरोप कहा कि अंजहिया बाजार से दो सवारी एकला लेकर जा रहे थे इतने में शीतला माता के मंदिर के पास ऑटो चालकों ने मुझसे छीना झपटी कर मुझे धकेल दिए और मेरा माला भी तोड़ दिए। ऐसे में इन लोगो के खिलाफ कब होगी कार्रवाई। इस संबंध में जब अधिशासी अधिकारी सरोज कुमार से फोन पर बात करना चाहा तो फोन रिसीव नहीं हुआ।

# भूमि विवाद मारपीट बीच बचाव करने वाले से भी गाली गलौज शिकायत

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। कौड़ियां थाना भूमि विवाद को लेकर गुरुवार को गांव के ही कुछ लोगों पर मारने पीटने की शिकायत प्रमोद सिंह ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाते हुए कहा कि बीच बचाव कराने आए रामनरेश को भी लोगों ने जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए मारा पीटा जिससे दोनों लोगों को गंभीर चोट आने की शिकायत करते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की। कौड़ियां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सहरिया कला के निवासी प्रमोद सिंह पुत्र बलराम सिंह ने पुलिस को एक शिकायती पत्र देकर कहा कि गांव के ही अजय सिंह के बीच काफी दिनों से जमीनी विवाद चला आ रहा है। जिसको लेकर अजय सिंह व भूरहू खा, राजू खा निवासी सिसैय्या दलेल ने भूमि विवाद को लेकर गाली गुप्ता देते हुए मारा पीटा जिस पर बीच–बचाव कराने आए रामनरेश को भी लोगों ने जाति सूचक शब्द का प्रयोग करते हुए मारा पीटा। जिससे दोनों लोगों को गंभीर चोट आने की शिकायत करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में थानाध्यक्ष विद्यासागर पांडेय ने बताया कि शिकायत मिली है। मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# संविधान में डॉ आंबेडकर का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती, भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट तथा विकास भवन सभागार में उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया तथा गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहेब द्वारा तैयार भारतीय संविधान का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। हमें उनकी समता, समानता और न्याय की भावना पूरे संविधान में परिलक्षित होती है। उनके द्वारा दिए गए संविधान के आदर्शों पर चलकर देश ने विभिन्न क्षेत्रों में पर्याप्त विकास किया है और वंचित, शोषित, पीड़ित एवं गरीब व्यक्तियों को सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक विषमता से निकालकर गरिमा पूर्ण जीवन प्रदान किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि बाबासाहेब ने शिक्षा प्राप्त करके अन्याय, अभाव और अज्ञानता को दूर करने का मार्ग प्रशस्त किया है क्योंकि उन्होंने भी विषम परिस्थितियों में ज्ञान प्राप्त कर समर्थ बनने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब ने अभाव एवं कठिनाइयों के बीच सफलता प्राप्त की थी, इसलिए उन्होंने भारतीय समाज की कुरीतियों एवं समस्याओं को समझ कर उसके निदान का रास्ता भी निकाला। भारतीय संविधान में उन्होंने जहां एक ओर अधिकारों की चर्चा की है वहीं दूसरी ओर नागरिकों के कर्तव्य को भी जोड़ा है, जिससे कि प्रत्येक नागरिक प्रेरित होकर देश और समाज



की सेवा कर सके। गोष्ठी को संबोधित करते हुए अपर जिलाधिकारी कमलेश चंद ने कहा कि बाबासाहेब ने संविधान के माध्यम से एक नागरिक को समानता और न्याय का अवसर प्रदान किया। उनका मानना था कि अवसरों में समानता तथा न्याय देकर ही समाधान निकल सकता है। गोष्टी को उप जिलाधिकारी गिरीश कुमार झा तथा मोहन प्रकाश ने भी संबोधित किया। गोष्ठी का संचालन अशोक मिश्र ने किया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों के सहायक तथा सूर्यलाल, नाजिर मुज्तबा उपस्थित रहे। विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. राजेश कुमार प्रजापति ने कहा कि बाबासाहेब ने विषम परिस्थितियों में जीवनयापन किया लेकिन शिक्षा के माध्यम से उन्होंने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, अर्थशास्त्र जैसे कठिन विषय में उन्होंने पीएचडी की तथा आजाद देश के पहले कानून मंत्री बने। उन्होंने देश को संविधान प्रदान करके आजाद भारत के विकास की नीव रखा, जिसका पालन करके आज भी देश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विविधतापूर्ण धर्म, जाति, वर्ग, संप्रदाय, भाषा, बोली, जीवन शैली को देखते हुए सभी को स्वीकार होने वाला संविधान तैयार करना एक कठिन चुनौती उनके सामने थी, जिसका उन्होंने सफलतापूर्वक निर्वहन किया। उपायुक्त एनआरएलएम रामदुलार ने उनका बचपन से लेकर कानून मंत्री बनने तक के जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाबासाहेब ने 9 भाषाओं में 32 डिग्री हासिल की, उन्होंने सेना में कार्य किया, बाद में प्रोफेसर बने तथा आजादी की लड़ाई में भाग लिया। उन्होंने बहुत सी किताबें लिखी, पत्र–पत्रिकाओं का संपादन किया और भारतीय संविधान के रूप में उन्होंने अपना सर्वोत्कृष्ट योगदान किया। समाज कल्याण अधिकारी श्रीप्रकाश पांडे ने कहा कि यद्यपि कि उन्होंने जीवन में बहुत सी विषम परिस्थितियों का सामना किया परंतु उन्होंने कभी भी प्रतिशोध के भाव से कार्य नहीं किया। अपर समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव ने कहां की बाबासाहेब के संविधान से देश मजबूती से आगे बढ़ा। उपायुक्त मनरेगा संजय शर्मा ने सामाजिक सहिष्णुता स्थापित करने मे बाबासाहेब के योगदान की चर्चा किया। इस अवसर पर सहायक अभियंता लघु सिंचाई डॉ. राजेश कुमार, संदीप वर्मा, उमेश, रामलाल, देवेंद्र सिंह एवं विकास भवन के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# फसल उत्पादन में मृदा परीक्षण का महत्वः ऋषि कुमार सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा नवाबगंज – कृषि संकाय – सहायक आचार्य नंदिनी नगर पी.जी. कालेज नवाबगंज गोंडा – कृषि में मृदा परिक्षण यानी मिट्टी का जाँच कराना किसान भाइयों को अच्छी फसल पैदावर प्राप्त करने के लिए मृदा परिक्षण की बहुत ही नितांत आवश्यकता है जिससे किसान अपनी खेती – बाड़ी में लागत की कमी ला सके और पैदावर अच्छी हो सके साथ ही साथ अधिक रसायनिक उरवरकों की खर्च में कमी लाई जा सके ।अधिक तर किसान मृदा परिक्षण पर ध्यान नहीं देते है जिस प्रकार से मानव की शरीर में पोषक तत्वों की कमी से विभन्न प्रकार के रोग एवं बीमारियाँ उत्पन्न होना प्रारम्भ हो जाती हें उसी प्रकार से यदि हमारी भूमि अस्वस्थ रहती है तो फसल पैदावर में कमी आ जाती है इस लिए किसान भाइयों को मृदापरिक्षण को अवश्य करा लेना चाहिए जिससे हमरी मृदा में क्या दृ क्या पोषक तत्वों की कमी है जैसे मुख्य तत्व दृ नत्रजन, फास्फोरस, पोटाश, कैल्शियम, मैगनीशियम, सल्फर । सूक्ष्म तत्व दृ जस्ता, मैगनीज, तांबा, लौह, बोरान, मोलिब्डेनम आदि तत्वों को पूरा किया जा सकेमृदाको स्वस्थ बनाया जा सके। मृदा परीक्षण के बिना खेतों में उर्वरक डालना ठीक उसी प्रकार है जिस तरह चिकित्सक से बिना परामर्श केबिना दवाओं का उपयोग करना। मिट्टी परीक्षण के बिना उर्वरक का उपयोग करने पर पौधे को किसी पोषक तत्व की मात्रा आवश्यकता से अधिक प्राप्त हो सकती है या फिर जिस तत्व की आवश्यकता है, वह बहुत कम मात्रा में प्राप्त हो सकता है. जिसके फलस्वरूप पौधों की वृद्धि सीमित हो जाती है । यह न केवल उर्वरकों की उपव्ययता है बल्कि फसलों की पैदावार वास्तव में उर्वरक के गलत प्रकार एवं गलत मात्रा या अनुचित उपयोग के कारण कम होती है।

# अंबेडकर जयंती पर क्षेत्रीय विधायक ने समारोह में पहुंचकर उनके जीवन पर प्रकाश डाला

दैनिक बुद्ध का संदेश

गौरा,चौकी,गोंडा। संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती



के शुभ अवसर पर एक समारोह का आयोजन ग्राम बीरपुर भरपूर्वा में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे विधानसभा गौरा के विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने जयंती समारोह में उनके जीवन पर प्रकाश डाला और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया स विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि 6 दिसंबर 1956 में मध्य प्रदेश एक छोटे से गांव में बाबा साहेब का जन्म हुआ स डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन काल में अनेकों सामाजिक अभियान चलाया स अति पिछड़े शोषित , गरीब व मजदूर के सामाजिक उत्थान के लिए संघर्ष करते रहे स बाबासाहेब देश के सबसे बड़े अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया श्रमिकों किसानों और महिलाओं के अधिकार के समर्थन में आंदोलन चलाया स डॉक्टर अंबेडकर स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे स वह विश्व के छठे नंबर के विद्वान थे स उन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण कर सबको संविधान में समान अधिकार दिया स विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने बताया कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र और राज्य में बनी है बाबासाहेब के विचारों पर चल रही है सबका साथ सबका विकास के तहत कार्य कर रही है स इस अवसर पर प्रमोद आर चंचल , जितेंद्र पांडे, जसवंत सिंह, परमानंद उर्फ गामा, रामचंद्र वर्मा, राकेश वर्मा, सुनील राम ध्‍ीरज, मनोज सिंह,राम करन वर्मा, अंबिका वर्मा,विनय वर्मा प्रधान, लक्ष्मी प्रसाद, एवं भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# शिक्षा दुनिया की सबसे शक्तिशाली हथियार है सब कुछ हासिल किया जा सकता हैःहरीश पाण्डेय

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोंडा। श्री सर्वेश्वरी विद्यापीठ, नट्वीरपुरम सोहाँस गोण्डा के प्रांगण में आयोजित बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर प्रबन्धक हरीश पाण्डेय (ग्राम रोजगार सेवक) द्वारा अपने उदबोधन में कहा गया कि ष्शिक्षा एक शक्तिशाली हथियार है, इससे जीवन मे सब कुछ हासिल किया जा सकता है। बच्चों को शिक्षित होकर देश का नाम रोशन करना है। विद्यालय प्रांगण में बड़े ही शानदार तरीके से डॉ. अम्बेडकर जयंती का आयोजन हुआ, सभी बच्चों के द्वारा एक–एक करके लयबद्ध तरीके से डॉ. भीमराव अंबेडकर को अपना श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया, विद्यालय के कुछ



सीनियर छात्रध्छात्राओं द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव जी के जीवन से जुड़े कुछ बिन्दुओं पर अपने विचार रखे गए और कुछ बच्चों द्वारा गीत के माध्यम से भी डॉ. अम्बेडकर को याद किया गया। वरिष्ठ शिक्षिका पूजा द्विवेदी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर की जीवनी को पढ़कर शिक्षा के महत्व को समझा जा सकता है। शिक्षिका आकांक्षा वर्मा ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर ने समाज मे महिलाओं के सम्मान हेतु तमाम प्रयास किये थे। विद्यालय के शिक्षक एल पी मिश्रा, किरन यादव, मुस्कान पाण्डेय, ज्योति सविता आदि द्वारा भी डॉ. अम्बेडकर के बारे में बच्चों को बताया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीश कुमार द्वारा कहा गया कि अम्बेडकर जी का कहना था कि शिक्षा से ही हम अपने हक को प्राप्त कर सकते है, यदि हमको आगे कुछ करना है तो बाबा साहेब के द्वारा बताई गई बातों का अनुश्रवण करना पड़ेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षिका प्रज्ञा पाण्डेय द्वारा कहा गया कि हम लड़कियों को भी शिक्षित होना बहुत जरूरी है, तभी हम समाज मे हर तरफ आगे बढ़ने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम के अंत मे सभी बच्चों के द्वारा डॉ. अम्बेडकर अमर रहे! बाबा साहेब अमर रहें! माँ भारती की जय। माँ सर्वेश्वरी की जय का जयघोष किया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण ट्रैकर एवं बाल पिटारा एप पर सूचनाओं को भरने में भारी कठिनाइया

दैनिक बुद्ध का संदेश

रूपईडीह,गोंडा ।बाल विकास परियोजना रूपईडीह में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को विभिन्न सूचनाओं को पोषण ट्रैकर एवं बाल पिटारा एप पर सूचनाओं को भरने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जहां पर शासन के द्वारा पूर्व में मोबाइल उपलब्ध कराया गया था लेकिन लगभग सभी खराब हो चुकी है जिससे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पोषण टैकर ऐप पर 0 से 6 वर्ष बच्चों के लंबाई, वजन, कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं की संख्या, बच्चों का पोषाहार वितरण सहित विभिन्न सूचनाओं को भरने तथा बाल



पिटारा एप पर 3वर्ष से 6वर्ष के बच्चों के नाम फीडिंग तथा वीडीओ के माध्यम से बच्चों को जानकारी देने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्री सहायिका एशोशियन उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष कुसुम तिवारी ने बताया कि प्रदेश सरकार के द्वारा पूर्व में मोबाइल उपलब्ध कराया गया था लेकिन लगभग सभी खराब हो चुकी है अब सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को घर के परिजनों का मोबाइल फोन का इस्तेमाल करना पड़ रहे हैं जिससे आए दिन परिवारों में तनाव उत्पन्न हो जातें हैं और कार्य बाधित होते रहते हैं जिससे कार्य पूर्ण नहीं हो पाते। जिससे कार्य करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा ।इस सम्बन्ध में रूपईडीह बाल विकास परियोजना अधिकारी दुर्गेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मोबाइल के लिए जिला अधिकारी से मांग किया गया। जल्द ही समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

# 132 वीं जयंती समारोह का आयोजन,वैचारिक योगदानो के लिए उनके ऋणी: संजीव रंजन जिलाधिकारी







दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जिला एकीकरण समिति सिद्धार्थनगर के तत्वावधान में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती समारोह का आयोजन संजीव रंजन जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता व अमित कुमार आनंद पुलिस अधीक्षक जयेंद्र कुमार मु ख्य विकास अधिकारी, शेषमणि सिंह जिला विकास अधिकारी, उमाशंकर अपर जिलाधिकारी वित्त्ध्राजस्व की उपस्थिति में डॉ भीमराव अंबेडकर सभागार मे किया गया। उक्त अवसर पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ,मुख्य विकास अधिकारी समेत समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों तथा एसएसबी के जवानों ने बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। अध्यक्षीय संबोधन में संजीव रंजन जिलाधिकारी ने डॉ अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के सामाजिक और वैचारिक योगदानो के लिए हम सभी उनके ऋणी हैं। उनके राष्ट्रीय योगदान पर भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया। डॉ अंबेडकर ने एक समतामूलक समाज की स्थापना पर बल दिया तथा भारतीय समाज में व्याप्त जाति प्रथा को समाप्त कर अस्पृश्यता का निवारण किया। हमें उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेनी चाहिए। उक्त अवसर पर अमित कुमार आनंद पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर को दलितों के मसीहा ,समाजसेवी एवं विधि विधिवेत्ता के रूप में जाना जाता है। जयेंद्र कुमार मुख्य विकास अधिकारी ने डॉ अंबेडकर को नमन करते हुए अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए पूरा जीवन काम किया ,छुआछूत के साथ ही सामाजिक असमानता के लिए भी उन्होंने संघर्ष किया। ऐसे में उनके विचारों को सभी को एकजुट होकर आगे ले जाने की जरूरत है। बाबा साहब के विचारों के साथ सामाजिक एकीकरण का कार्य करना चाहिए शेषमणि सिंह जिला विकास अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर हम सभी को राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता को बनाए रखना चाहिए। उक्त अवसर पर जयेंद्र कुमार मुख्य विकास अधिकारी ने जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक ,जिला विकास अधिकारी ,अपर जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह रूप में बोधि वृक्ष प्रदान किया। उक्त अवसर पर डॉ सूर्य प्रकाश मणि त्रिपाठी जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी ,डॉ एमपी सिंह मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी, विमलेश कुमार सहायक जिला सूचना अधिकारी समेत तमाम अधिकारी व सुजीत कुमार जायसवाल अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, कैलाश मणि त्रिपाठी अध्यक्ष क्रीड़ा भारती, रामकरन गुप्ता अध्यक्ष कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा ,कृष्ण मोहन उपाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ,सुरेश कुमार पांडे प्रशासनिक अधिकारी विकास ,विमलेश कुमार, संतोष कुमार ,मुकेश चंद श्रीवास्तव समेत तमाम अधिकारी व कर्मचारी तथा एस एस बी के जवान उपस्थित रहे । अधिकारियो का स्वागत व कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ शंकर ने किया।

# बाबा साहब ने हमेशा कमजोर और पिछड़ें वर्ग के अधिकारों के लिए किया है काम: रवि अग्रवाल

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ के विभिन्न स्थानों पर हर्षोल्लास के साथ डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की 132वीं जयंती मनायी जा रही है और उन्हें याद किया जा रहा है, क्योंकि आंबेडकर जयंती को समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। वहीं इस जयंती को मनाने के पीछे एक वजह और भी है, कि डा.भीमराव आंबेडकर ने भारत का संविधान लिखा था, जो जाति और धर्म की परवाह न करते हुए सभी नागरिकों को समान अधिकार देता है। इसी अनुक्रम में समाजसेवी रवि अग्रवाल के बाणगंगा रोड स्थित चुनावी कैम्प कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ बाबा साहेब डा. भीम राव अम्बेडकर जी की जयन्ती मनाई। कार्यक्रम में आये लोगों ने बाबा साहेब के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हे याद किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कैलास नाथ बौद्ध ने कहा कि पूरे विश्व में हर्षोल्लास के साथ बाबा साहेब की जयन्ती बनाई जा रही है। बाबा साहब ने एक नहीं सभी के लिये लडाई लड़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि समानता और ज्ञान का प्रतीक माने जाते हैं डॉ. आंबेडकर– जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले डॉ. आंबेडकर को समानता और ज्ञान का प्रतीक



माना जाता है। उनका जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल वहीं माता का नाम भीमाबाई था। महार जाति के होने की वजह से डॉ. अंबेडकर को बचपन से ही भेदभाव का सामना करना पड़ा। यही वजह भी है कि अब इस जयंती को जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों से लड़ने के रूप में भी मनाया जाता है। इसके साथ ही रवि अग्रवाल ने कहा कि बाबा साहब देश के ऐसे एक शख्स थे, जिनकी तुलना किसी और से नहीं की जा सकती क्योंकि उन्होंने भारत की आजादी के बाद देश के संविधान के निर्माण में योगदान दिया है। इसके साथ ही हमेशा से कमजोर और पिछड़ें वर्ग के अधिकारों के लिए काम किया है। जाति–व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई और दलित समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। यही नहीं बाबा साहब शिक्षा के जरिए समाज के दबे, शोषित, कमजोर, मजदूर और महिला वर्ग को सशक्त बनाना चाहते थे और उनको समाज में एक बेहतर दर्जा दिलाना चाहते थे। उनके विचारों से लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए उनका कहना है कि आधा रोटी कम खायें लेकिन बच्चों को पढ़ायें। इसके साथ ही सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि बाबा साहेब के विचार हम सभी को शिक्षित और संगठित रहने की प्रेरणा देते है और सभी समाज को एक डोर में बाधने का कार्य करते है। कार्यक्रम के अन्त में लोगों को मिठाईयां भी वितरित की गई। इस दौरान आशीष राव, शनि कन्नौजिया, विकास अग्रवाल, संजय कौशल, सुरेश कसौधन, मनीष श्रीवास्तव, प्रविन्द कुमार गौतम, विक्रान्त सिंह, शिवपूजन वर्मा भोलेनाथ, मेजर सिंह चौहान, रोहित सोनकर, श्रवण पटवा, राजेन्द्र भारती, निराला मौर्या, अजय वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनी अंबेडकर जयंती

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। शुक्रवार को भारतरत्न डाक्टर भीमराव आंबेडकर



की जयंती पूरे जिले में परंपरागत हर्षोल्लास के साथ बड़ी ही धूमधाम से मनाई गई. जिला मुख्यालय पर द बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया के सौजन्य से भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में सम्मिलित लोगों ने डाक्टर भीमराव आंबेडकर की जयजयकार करते हुए उन्हें याद किया. बाबा तेरा मिशन अधूरा, हम सब मिलकर करेंगे पूरा तथा बाबा साहेब की अंतिम इच्छा, सबको मान सभीको शिक्षा आदि गगनचुम्बी नारे लगाते हुए श्रद्धालुओं ने मुख्यालय के स्टेशन रोड, बांसी तिराहा, हाइडिल चौराहा, राहुल नगर आदि होते हुए अंबेडकर परिवर्तन पार्क पहुंचकर एक गोष्ठी का आयोजन किया. गोष्ठी में द बुद्धिस्ट सोसाइटी आफ इंडिया के पदाधिकारियों सुरेन्द्र भारती, नागेंद्र कुमार, योगेन्द्र बौद्ध, चंद्रिका प्रसाद गौतम, विजयकुमार, तुलसीराम आदि ने बाबा साहेब के जीवन एवं दबे कुचले लोगों के उत्थान के लिए किए गए उनके संघर्षों को याद करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया. इस अवसर पर श्यामलाल, लखपाती देवी, करूणाशील, बृजमोहन, अरूण भारती, सुशीला अंबेडकर आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## उसका में अम्बेडकर जयंती मनाई गई

दैनिक बुद्ध का सन्देश

उसका बाजार। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रो में शुक्रवार को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस



अवसर पर विभिन्न संगठनों द्वारा रैली भी निकाली गई। कस्बा के शिव मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन हेमन्त कुमार जायसवाल सत्य प्रकाश वर्मा, मनीष अग्रहरि, सोमनाथ मिश्र पवन कुमार आदि ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर हेमन्त कुमार जायसवाल ने कहा कि सामाजिक नवजागरण के अग्रदूत और समतामूलक समाज के निर्माणकर्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर हम सब के लिए प्रेरणास्रोत है। डॉ भीमराव अंबेडकर को संविधान निर्माता के तौर पर जाना जाता है। उनका जन्म 14 अप्रैल को हुआ था। बाबा साहेब की जयंती को पूरे देश में लोग उत्साह से मनाते हैं। भारत रत्न अम्बेडकर पूरा जीवन संघर्ष करते रहे ।इसीतरह मोगलहा में स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर सभी पुष्प माला अर्पित किया है। इस अवसर पर प्रेम कुमार राम वृक्ष, जीतू राधेश्याम आदि रहे।

## नई युवा पीढ़ी के लिए आदर्श है बाबा साहेब: ई0ओ0 नवीन कुमार सिंह

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत सभागार में अधिशाषी



अधिकारी नवीन कुमार सिंह की अगुवाई में बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई। बाबा साहेब के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए अधिशासी अधिकारी नवीन कुमार सिंह ने कहा कि देश के संविधान के निर्माता बाबा साहेब ने सदैव कमजोर व दबे कुचले लोगों का साथ दिया। अंग्रेजों से आजादी के बाद हमारे देश के संविधान में उनका सहयोग सदा सुनहरे अंकों में दर्ज किया जाएगा। उन्होंने सदैव देशहित में काम किया। नई युवा पीढ़ी के लिए वह एक आदर्श है हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। इस दौरान लिपिक राजेश त्रिपाठी, सफाई नायक श्रीनिवास, बीडी गुप्ता, कमलेश गुप्ता, अक्षय कसौधन, सूरज निगम आदि मौजूद रहे।

## मोहम्मद आफताब ने क्वालीफाई किया नेट और जेआरएफ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) नेट (विश्वविद्याल अनुदान आयोग) द्वारा दिसम्बर 2022 में आयोजित नेट एवं जेआरएफ परीक्षा का परिणाम गुरूवार को घोषित कर दिया गया है। जिसमें नगर पंचायत डुमरियागंज के वार्ड नंबर 7 अशफाक नगर (औसानपुर) निवासी मोहम्मद आफताब पुत्र अब्दुल हलीम ने उर्दू विषय में नेट और जेआरएफ दोनों क्वालीफाई कर लिया है। आफताब को कुल 300 अंक में से 214 अंक प्राप्त हुए हैं। जबकि जेआरएफ के लिए 206 नंबर कट आफ था। मोहम्मद आफताब



ने कुल मिला कर पांच बार नेट और एक बार जेआरएफ क्वालीफाई किया है। उन्होंने 2019, 2020, 2021, जानवरी 2022 में नेट क्वालीफाई किया तथा दिसम्बर 2022 में नेट और जेआरएफ दोनो क्वालीफाई किया है। उन्होंने यह सफलता बिना किसी कोचिंग के केवल स्व अध्ययन से प्राप्त की है। आफताब ने पीपुल्स इंटर कॉलेज डुमरियागंज से हाईस्कूल की परीक्षा 2008 में तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा 2010 में पास किया और स्नातक की परीक्षा 2013 में मौलाना आजाद महाविद्यालय बायताल (कादिराबाद) से तथा परास्नातक की परीक्षा 2015 में अबुल कलाम आजाद डिग्री कॉलेज डुमरियागंज (जबजौआ) से पास किया है। उन्होंने बताया कि उनका उद्देश्य पीएचडी करके प्रोफेसर बनना है। आफताब इस समय डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज बढ़नी (कोल्ड स्टोरेज) में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। नेट और जेआरएफ क्वालीफाई करने पर मो. आफताब को उनके पिता अब्दुल हलीम, भाई मो. महताब, फैसल, शादाब, शोएब, सैफुद्दीन मलिक, शहजाद आलम, गुफरान अहमद, अब्दुल अव्वल, फरियाद अहमद, शाह आलम, शिवओम पाण्डेय, पंकज चौबे, संतोष कुमार, मनोज श्रीवास्तव, गौतम कुमार, करन गौतम, रामजी, कृष्ण चौबे, रामानंद आदि लोगों ने बधाई दी है।

## बबिता कसौधन ने अम्बेडकर नगर वार्ड में चलाया सफाई अभियान

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ की निवर्तमान अध्यक्ष



बबिता कसौधन की अगुवाई में बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयन्ती के अवसर पर अम्बेडकर नगर वार्ड में सफाई अभियान चलाया गया। निवर्तमान अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता ने कहा कि हमेशा से कमजोर और पिछड़ें वर्ग के अधिकारों के लिए काम किया है। जाति–व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई और दलित समुदाय के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। यही नहीं बाबा साहब शिक्षा के जरिए समाज के दबे, शोषित, कमजोर, मजदूर और महिला वर्ग को सशक्त बनाना चाहते थे और उनको समाज में एक बेहतर दर्जा दिलाना चाहते थे। उनके विचारों से लोगों को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान सौरभ गुप्ता, विशुनदेव तिवारी, अशोक दुबे, घनश्याम गुप्ता, संजू पांडे, जय प्रकाश उमर, परमानंद मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## परशुराम वाटिका में होगा परशुराम जयंती कार्यक्रम का आयोजन

### लवकुश ओझा को कार्यक्रम का संयोजक व दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे, लालजी शुक्ला को सहसंयोजक नामित किया गया

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज जिला परिषद मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय पर धर्म रक्षा मंच के संरक्षक पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में आगामी 22 अप्रैल को परशुराम जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सभी सम्मानितजनों को आमंत्रित किया जायेगा। इसकी तैयारी को लेकर समिति



का गठन करते हुए कार्यों के निष्पादन के लिए सदस्यों को नामित किया गया हैं। बैठक में परशुराम जयंती पर किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार विमर्श करते हुए कार्यक्रम की सफलता हेतु कार्ययोजना बनाई गई। इस दौरान राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी धर्म रक्षा मंच के तत्वाधान में राप्ती नदी तट स्थित परशुराम वाटिका में भगवान परशुराम की जयंती 22 अप्रैल 2023 शनिवार के दिन मनाई जाएगी। भगवान परशुराम का जन्म वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हुआ था। इस दिन अक्षय तृतीया का पर्व भी मनाया जाता है। परशुराम भगवान को विष्णु जी के छठा अवतार माना जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन के लिए ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भनवापुर लवकुश ओझा को संयोजक, प्रधान संघ अध्यक्ष डुमरियागंज दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे, प्रधान संघ अध्यक्ष भनवापुर लालजी शुक्ला को सहसंयोजक नामित किया गया हैं। इस दौरान नरेंद्र मणि त्रिपाठी, विनोद श्रीवास्तव उर्फ पप्पू, मधुसूदन अग्रहरि, अमरेंद्र त्रिपाठी, राजीव कुमार एडवोकेट, शत्रुहन सोनी, कमलेश त्रिपाठी अशोक अग्रहरि, रमेश सोनी, विनय पाठक, गणेश विश्वकर्मा, संतोष पासवान, अंकित श्रीवास्तव, रामकृपाल, अर्जुन आदि लोग उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**करोड़ों लोग अपने घरों से दूर कामकाज के लिए जाते हैं और मतदान में हिस्सा नही ले पाते हैं। चुनाव आयोग से पंजीकृत मतदाताओं में से करीब 30 करोड़ मतदाता मतदान नहीं करते हैं। यह बहुत बड़ी संख्या है। इस संख्या में कुछ दोहराव भी होगा फिर भी अगर इनमें से जितने ज्यादा लोगों को मतदान में हिस्सा लेने की सुविधा...**

## रिमोट ईवीएम योजना पर रोक



ईवीएम पर उठाए जा रहे सवालों को थोड़ी देर के लिए छोड़ दें तब भी आरवीएम के इस्तेमाल में कई व्यावहारिक समस्याएं हैं और उसके दुरुपयोग की विपक्षी पार्टियों की आशंका भी निराधार नहीं है। यह अच्छी बात है कि चुनाव आयोग ने विपक्षी पार्टियों की ओर से उठाए गए सवालों पर विचार किया है और रिमोट वोटिंग मशीन के इस्तेमाल को टाल दिया है। चुनाव आयोग ने पिछले साल दिसंबर में एक कांसेप्ट नोट तैयार किया था और उसे करीब 60 मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व क्षेत्रीय पार्टियों के पास भेजा गया था। इनमें से बहुत कम पार्टियों ने आयोग को अपना रिस्पांस भेजा है। ज्यादातर बड़ी पार्टियों ने इस विचार का विरोध किया है। उनको लग रहा है कि घर से दूर प्रवासी मतदाताओं को अपने गृह क्षेत्र में वोट देने की सुविधा देने के लिए खासतौर से डिजाइन की गई इस मशीन का दुरुपयोग संभव है। वैसे भी ईवीएम के इस्तेमाल को लेकर कई विपक्षी पार्टियों को बड़ी आपत्ति है और उन्होंने कई बहुत ठोस सबूतों के आधार पर अपनी आशंका चुनाव आयोग को बताई है। ईवीएम पर उठाए जा रहे सवालों को थोड़ी देर के लिए छोड़ दें तब भी आरवीएम के इस्तेमाल में कई व्यावहारिक समस्याएं हैं और उसके दुरुपयोग की विपक्षी पार्टियों की आशंका भी निराधार नहीं है। रिमोट वोटिंग के लिए चुनाव आयोग ने विशेष मशीन डिजाइन कराई है उसमें एक मशीन में एक से ज्यादा चुनाव क्षेत्र का बैलेट पेपर अपलोड करना होगा और यह काम हर जिले का निर्वाचन अधिकारी करेगा। इसके लिए मशीन का इंटरनेट से जुड़ा होना जरूरी होगा। यानी आरवीएम स्टैंडअलोन मशीन नहीं होगी। इसे रिमोटली हैंडल किया जा सकेगा। दूसरी समस्या हर शहर में पोलिंग बूथ बनाने और वहां जाकर वोट डालने के लिए लोगों को प्रेरित करने की है। तीसरी समस्या यह है कि छोटी पार्टियां और निर्दलीय उम्मीदवार हर शहर में अपना पोलिंग एजेंट कैसे नियुक्त करेंगे? उनके लिए चुनाव बराबरी का मैदान नहीं रह जाएगा। हालांकि चुनाव आयोग ने इस विचार को रद्द नहीं किया है। इसके प्रशासनिक, तकनीकी और कानूनी पहलुओं पर काम चल रहा है। आयोग को निश्चित रूप से इस पर काम करना चाहिए क्योंकि भारत सर्वाधिक घरेलू प्रवासियों वाला देश है। करोड़ों लोग अपने घरों से दूर कामकाज के लिए जाते हैं और मतदान में हिस्सा नही ले पाते हैं। चुनाव आयोग से पंजीकृत मतदाताओं में से करीब 30 करोड़ मतदाता मतदान नहीं करते हैं। यह बहुत बड़ी संख्या है। इस संख्या में कुछ दोहराव भी होगा फिर भी अगर इनमें से जितने ज्यादा लोगों को मतदान में हिस्सा लेने की सुविधा दी जाए उतना अच्छा है। साथ ही चुनाव आयोग को ध्यान रखना चाहिए कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने के साथ साथ मतदान की शुचिता भी बेहद जरूरी है।

## विपक्ष में पंचायत शुरू है

विपक्षी पार्टियों का मोर्चा बनने से पहले ही बिखरने लगता है। हर बार संसद का सत्र खत्म होने के बाद एक बार बिखराव दिखता है और फिर पंचायत करके विपक्षी पार्टियों को एक किया जाता है। अभी फिर पंचायत चल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने नीतीश कुमार, एमके स्टालिन और उद्धव ठाकरे को फोन किया था, जिसके बाद सुलह सफाई का प्रयास तेज हुआ है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दिल्ली पहुंचे हैं ताकि विपक्षी पार्टियों के नेताओं से बात करके उन्हें भाजपा के खिलाफ एकजुट करने के लिए तैयार किया जाए। वे लालू प्रसाद से मिले हैं और उसके बाद खडगे से भी उनकी मुलाकात हुई है। अब वे बाकी नेताओं से मिलेंगे या फोन पर बात करेंगे। बताया जा रहा है कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों के बीच पंचायत का काम नीतीश कुमार कर सकते हैं। देश की समाजवादी पार्टियों के साथ नीतीश के संबंध पुराने और अच्छे हैं। उधर अदानी समूह की जेपीसी जांच को लेकर विपक्ष की पार्टियों से अलग राय जाहिर करने वाले शरद पवार अपनी बात से पीछे हट गए हैं। उन्होंने पहले कहा था कि जेपीसी की जांच से कुछ हासिल नहीं होगा, यह मांग गलत है। लेकिन अब उन्होंने कहा है कि अगर सहयोगी पार्टियां जेपीसी जांच चाहती हैं तो उनको दिक्कत नहीं है। उन्होंने चित भी मेरी पट भी मेरी वाला खेल कर दिया है। इस घटनाक्रम के बीच मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनके सहयोगी संजय राउत ने शरद पवार और उनकी बेटी सुप्रिया सुले से मुलाकात की। हालांकि अजित पवार का इस मीटिंग में नहीं होना भी एक खटकने वाली बात है क्योंकि वे पिछले कुछ दिनों से लगातार केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ कर रहे हैं। बहरहाल, पवार परिवार के अंदर की राजनीति चाहे जो हो लेकिन विपक्ष की पार्टियों के साथ एनसीपी के संबंध सुधार की कोशिश हो रही है।



## कांग्रेस के प्रति कोई ममता नहीं

**ममता बनर्जी देश के कई नेताओं के साथ मिलकर तीसरे मोर्चे को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही हैं। इस क्रम में उन्होंने हाल में समाजवादी पार्टी ‚सपा' प्रमुख अखिलेश यादव से भी मुलाकात की थी। सपा प्रमुख ने आने वाले दिनों में विपक्षी गठबंधन के आकार लेने का भरोसा जताते हुए कहा कि 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ाई में क्षेत्रीय पार्टियां महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी...**

शंकर जालान

कहावत प्रचलित है–गुड़ खाए, लेकिन गुलगुले से परहेज। राहुल गांधी और राष्ट्रीय कांग्रेस को लेकर इन दिनों कुछ ऐसा ही चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ दिए गए बयान के बाद राहुल गांधी की लोक सभा की सदस्यता रद्द कर दी गई, इसे लेकर कांग्रेस समेत तमाम गैर–भाजपाई दल भले ही मोदी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए राहुल के साथ खड़े दिख रहे हों, बावजूद इसके ज्यादातर क्षेत्रीय दलों विशेषकर तृणमूल कांग्रेस को आगामी लोक सभा चुनाव में कांग्रेस का साथ मंजूर नहीं है। ऐसे में लाख टके का सवाल है कि इस तरह के बिखराव के बीच क्या 2024 में भाजपा को परास्त किया जा सकेगा। कांग्रेस को अलग रखकर गठबंधन की जो सुगबुगाहट शुरू हुई है, क्या वह साकार हो पाएगी? देश का अगला प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहीं अग्निकन्या के नाम से मशहूर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी क्या सचमुच में ऐसा कर पाएंगी? राहुल का समर्थन, लेकिन कांग्रेस को दरकिनार कर तमाम राजनीतिक दल विशेषकर ममता अपनी राजनीति में सफल हो पाएंगी? कभी अकेले चुनाव लडने, अभी भाजपा और कांग्रेस से अलग मोर्चा बनाने जैसी घोषणाओं के पीछे आखिर, ममता की क्या मजबूरी है, या ममता बार–बार और इतनी जल्दी–जल्दी बयान क्यों पलट रही हैं। इसे लेकर जहां राजनीति के पंडित माथापच्ची कर रहे हैं, वहीं भाजपा राहत की सांस ले रही है क्योंकि भाजपा के केंद्रीय नेताओं या कहें कि रणनीतिकारों को भली–भांति ज्ञात है कि विपक्ष विशेषकर ममता जितना रंग बदलेंगी, भाजपा के लिए 2024 की राह उतनी ही सहज होगी। बताते चलें कि जिस मुद्दे पर राहुल को लोक सभा की सदस्यता से हाथ धोना पड़ा है, उसी तरह के मुद्दे को उछाल कर तृणमूल कांग्रेस अब प्रधानमंत्री मोदी को न केवल कठघरे में खड़ा करना चाहती है, बल्कि उनकी (प्रधानमंत्री) की सदस्यता रद्द करने की मांग भी कर रही है। तृणमूल का तर्क है कि जब प्रधानमंत्री के लिए अपमानजनक या हास्यास्पद शब्द बोलने पर राहुल को सजा सुनाई जा सकती है, तो फिर ममता बनर्जी के लिए श्दीदी–ओ–दीदीय जैसी व्यंग्यात्मक टिप्पणी के लिए प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को क्यूं नहीं ? पच्चीस मार्च के पहले तक ममता कहती थीं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सबसे बड़ी श्टीआरपीय हैं, लेकिन अदालत ने जैसे ही राहुल गांधी खिलाफ फैसला सुनाया, ममता एकाएक राहुल के पक्ष में बोलने और केंद्र सरकार खासकर नरेन्द्र मोदी को घेरने लगीं। सवाल उठ रहा है कि ममता ने अचानक पलटी क्यों मारी? क्या सचमुच में ममता राहुल के साथ खड़ी हैं? अगर हां, तो फिर ममता को उस कांग्रेस से परहेज क्यों है, जिसने उन्हें पहली बार सांसद और केंद्रीय मंत्री बनने का अवसर प्रदान किया था? या फिर क्या ममता राहुल के बहाने 2024 की गोटी सजाने में लगी हैं। जानकारों के एक पक्ष का मत है कि राहुल का मुद्दा उछाल कर ममता बताने की कोशिश कर रही हैं कि मोदी सरकार के इशारे पर विपक्षी दलों के नेताओं के साथ लगातार गलत हो रहा है। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि ममता के सामने फिलहाल विपक्ष का प्रधानमंत्री पद का चेहरा बनने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि अपने घर यानी पश्चिम बंगाल को बचाना उनकी सबसे बड़ी चुनौती है। कहना गलत नहीं होगा कि अगले आम चुनाव में सूबे में तृणमूल कांग्रेस की राजनीतिक हैसियत दांव पर होगी और इसकी वजह राज्य में भाजपा का बढ़ता जनाधार तो है ही, साथ ही कांग्रेस और वाम मोर्चा की बढ़ती लोकप्रियता भी है। सागरदिघी उपचुनाव में दोनों (कांग्रेस और वाम मोर्चा) ने तृणमूल कांग्रेस को पटखनी दी है, शायद इसीलिए ममता राहुल के साथ तो जरूर दिख रही हैं, लेकिन कांग्रेस के साथ बिल्कुल नहीं। राहुल की संसद की सदस्यता रद्द किए जाने के फैसले के बाद विपक्ष के कई नेता राहुल गांधी के समर्थन में उतरे तो भाजपा के नेताओं ने कहा कि सब कुछ कानून के मुताबिक हुआ है। कहना गलत नहीं होगा कि ममता ने आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस को सिरे से खारिज करना शुरू कर दिया है। ममता बनर्जी देश के कई नेताओं के साथ मिलकर तीसरे मोर्चे को मजबूत बनाने के लिए काम कर रही हैं। इस क्रम में उन्होंने हाल में समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव से भी मुलाकात की थी। सपा प्रमुख ने आने वाले दिनों में विपक्षी गठबंधन के आकार लेने का भरोसा जताते हुए कहा कि 2024 के लोक सभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ लड़ाई में क्षेत्रीय पार्टियां महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हालांकि, इस प्रस्तावित विपक्षी मोर्चे में कांग्रेस की भूमिका पर अखिलेश ने कहा कि कांग्रेस को तय करना है कि वह कहां रहे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय पार्टी है, और हम क्षेत्रीय दल। राहुल और कांग्रेस के मसले को लेकर ममता पर यह कहावत बिल्कुल सटीक बैठती है–श्गुड़ खाए, लेकिन गुलगुले से परहेजय।



## सावधान! हीट वेव को हल्के में न ले

**इसमें कोई शक नहीं कि साल–दर–साल स्थिति और खराब होती जाएगी। साल–दर–साल सिन्धु–गंगा के मैदान में रहने वाली विशाल गरीब आबादी के लिए कई दिनों या कई सप्ताहों तक गर्मी के कारण जीना और मुहाल होता जायेगा। प्रो। एल्फातिह एल्ताहिर ने लिखा है कि भारत के लिए वैश्विक जलवायु परिवर्तन अब केवल अकादमिक चर्चा का विषय नहीं है, केवल एक अमूर्त खतरा नहीं है, ...**

श्रुति व्यास

गर्मियों का मौसम शुरू है और इस वर्ष यह कतई नार्मल नहीं होगा। तैयार हो जाए हीट वेव के लिए। पिछले सप्ताह तक बारिश, ओलावृष्टि और आंधी के बेमौसम दौर से तापमान ठिकठाक रहा। लेकिन अब दिन–प्रतिदिन तापमान बढ़ता हुआ है। मौसम विभाग की चेतावनी है कि अगले पांच दिनों में गर्मी और बढ़ेगी। मौसम संबंधी एप्स की माने तो अगले एक हफ्ते में तापमान 40 डिग्री तक जा सकता है। बताया जा रहा है कि इस साल गर्मी ज्यादा पड़ेगी, बहुत ज्यादा।हमें ग्लोबल वार्मिंग के खतरनाक दुष्परिणाम भोगने होंगे।इसी गर्मी में पूत के पांव पालने में दिखलाई पड़ेंगे।

इस साल की फरवरी,1901 के बाद की सबसे गर्म फरवरी थी। वही मार्च में जितनी बारिश हुई, उतनी पिछले सौ सालों में कभी नहीं हुई।अब अप्रैल से भारत के मौसम विभाग के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र की चेतावनी है कि तीन महीने का गर्मी का मौसम बहुत कष्टदायी होगा। पिछले साल भी हीट वेव तकलीफदेह रही थी। उसने दुनिया भर में गेंहू की आपूर्ति को प्रभावित किया था। इस बार भारत के मौसम के पूर्वानुमान की ओर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है। छह मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गर्मी से निपटने की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। ऊर्जा मंत्रालय भी जरूरी कदम उठा रहा है। उसने बिजलीघरों को कोयले का आयात करने का निर्देश दिया है। कोयला भारत में बिजली उत्पादन का प्रमुख साधन है और कोयले का घरेलू उत्पादन संभवतरू मांग की पूर्ति नहीं कर पाएगा। परन्तु सारी तैयारियों के बावजूद आने वाले दिन कष्टकारी होने वाले हैं। विश्व बैंक द्वारा नवंबर में जारी एक रपट में चेतावनी दी गई थी कि भारत दुनिया के उन पहले देशों में से एक बन सकता है जहां वेट बल्ब टेम्परेचर 35 डिग्री सेल्सियस (जो मनुष्य की सहन करने योग्य तापमान की उच्चतम सीमा है) से ऊपर होगा। वेट बल्ब टेम्परेचर क्या है? वह धूप में खड़े होने पर मनुष्य के शरीर पर पडने वाले प्रभाव को मापने का एक तरीका है। वेट बल्ब टेम्परेचर की गणना हवा के तापमान और गति, वातावरण में नमी, सूर्य के कोण और बादलों की मौजूदगी आदि को ध्यान में रख कर की जाती है। जब वेट बल्ब टेम्परेचर 35 डिग्री सेल्सियस हो जाता है तो मनुष्यों के लिए पसीने से अपने शरीर को ठंडा रखना असंभव होता है। इस तरह यह वह अधिकतम तापमान है जिस पर मनुष्य जीवित रह सकता है। कुछ घंटों तक इस तापमान का सामना करने पर स्वस्थ से स्वस्थ व्यक्ति को भी लू लगने एवं मृत्यु होने का खतरा रहता है। सन् 2010 से 2019 के बीच भारत में उसके पिछले दशक की तुलना में ग्रीष्म लहर की घटनाओं में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सन् 2019 में प्रकाशित मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर एल्फातिह एल्ताहिर एवं उनके सहयोगियों के एक शोधप्रबंध में चेतावनी दी गई है कि भले ही विश्व ग्रीन हाउस गैसों के उर्त्सजन में कमी की दिशा में प्रगति करे किंतु दक्षिण एशिया के बड़े इलाकों को 31 डिग्री तक के वेट बल्ब टेम्परेचर का सामना करना पड़ेगा, जो कि अधिकांश मनुष्यों के लिए बहुत खतरनाक माना जाता है। एल्ताहिर का यह भी अनुमान कि पूरी दुनिया में फारस की खाड़ी ग्रीष्म लहर की दृष्टि से सबसे खराब क्षेत्र होगा। इसके बाद उत्तर भारत और फिर घनी आबादी वाले पूर्वी चीन का नंबर होगा। अगर कार्बन उत्सर्जन में कमी नहीं लाई गई और दुनिया वैसी ही चलती रही जैसे चल रही है तो 2071 से 2100 के बीच, करीब चार प्रतिशत आबादी को कम से एक बार छह घंटे की अवधि की मनुष्यों के लिए जानलेवा 35 डिग्री वेट बल्ब टेम्परेचर की हीट वेव का सामना करना पड़ेगा। जो शहर इस तरह की हीट वेव में जलेंगे उनमें लखनऊ और पटना जैसे बड़ी आबादी वाले नगर शामिल हैं। भारत ने हालात से निपटने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। एक राष्ट्रव्यापी हीट एक्शन प्लान बनाया गया है। यह अहमदाबाद में सन 2013 में लागू की गई योजना पर आधारित है। ऐसा कहा जाता है कि इस योजना के अंतर्गत टेक्स्ट मैसेज भेजकर, बड़ी संख्या में पानी के प्याऊ खोल कर और लोगों को धूप में निकलने से बचने की सलाह देकर कम से कम 2000 जानें बचाई गईं थीं। इस साल यह योजना 23 राज्यों में लागू की जाएगी। सन 2017 से ही नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण) राज्य सरकारों के प्रतिनिधियों के साथ कार्यशालाएं आयोजित कर उन्हें गर्मी से निपटने की समग्र योजना लागू करने के लिए कह रहा है और उन्हें यह भी बता रहा है कि इससे कैसे जानें बचाई जा सकेंगी। इसमें कोई शक नहीं कि साल–दर–साल स्थिति और खराब होती जाएगी। साल–दर–साल सिन्धु–गंगा के मैदान में रहने वाली विशाल गरीब आबादी के लिए कई दिनों या कई सप्ताहों तक गर्मी के कारण जीना और मुहाल होता जायेगा। प्रो। एल्फातिह एल्ताहिर ने लिखा है कि भारत के लिए वैश्विक जलवायु परिवर्तन अब केवल अकादमिक चर्चा का विषय नहीं है, केवल एक अमूर्त खतरा नहीं है, वरन जीवन–मृत्यु का प्रश्न बन गया है। ग्लोबल वार्मिंग अब एक वैज्ञानिक अवधारणा नहीं रह गई है। वह एक भयावह सच्चाई बन कर हमारे सामने उपस्थित है और अत्यंत कार्यकुशल और साधन–संपन्न सरकारों के लिए भी इसे आपदा में बदलने से रोकना एक चुनौती होगा। जो हो, फिलहाल तैयारी कीजिए बहुत गर्म और बहुत परेशान करने वाली गर्मियों की। खूब पानी पिएं, अपने आप को ठंडा रखें और यदि बहुत जरूरी न हो तो दोपहर को बाहर न निकलें। यह जिघ्न्दगी का सवाल है।






## कार्यालय : ग्राम पंचायत-टड़िया बाजार
### विकास खण्ड-जोगिया,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

ग्राम पंचायत **टड़िया बाजार** विकासखंड जोगिया द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना चौदहवां/पंद्रहवां वित्त/ राज्य वित्त तेरहवां वित्त/ पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि स्वच्छ भारत मिशन फेज–2 योजनान्तर्गत वर्ष 2023–24 मे स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट इंटरलॉकिंग ईट बालू सीमेंट मोरंग पेन्ट सरिया वायरिंग पत्थर बोर्ड ईट का टुकड़ा हैंडपंप मरम्मत रिवोर सामग्री कुर्सी मेज अलमारी रवीश विद्युत सामग्री सैनिटाइजर फागिंग मशीन चुना ब्लीचींग सफाई किट स्टेशनरी कूड़ा कूलर पंखा पब्लिक बेंच इत्यादि प्रथम पत्थर की गिट्टी सोडियम लाइट सोलर लाइट स्ट्रीट लाइट से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 17/04/2023 को समय 2:00 बजे तक समग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय **टड़िया बाजार** के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन समय 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी।

**नियम व शर्तें–1** जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।–2 आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा 3 वर्ष का आयकर क्लियरेन्स संलग्न होगा।–3 ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेंडर खोला जाएगा।–4 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि मे स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।–5 जो दरे प्रस्तुत की जाए वह वैट कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाएं 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही किया जाएगा। 7. सामग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है।8. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होंगी।9. आपूर्तिकर्ता की 2. 24: आयकर देना होगा।10. ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक पंचायत सहायक आदि कर्मचारियों सें सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएंगी उक्त आशय की नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ताको आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 12.निविदा को बिना बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान के पास होगा।13. स्वीकृत आपूर्ति को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा। 14. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सजनी के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अंदर सामग्री आपूर्ति ना करने की दशा में धरोहर राशि/जप्त कर ली जाएगी।16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **टड़िया बाजार** कार्यालय से प्राप्त किया जा सकेगा। 17. सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **टड़िया बाजार** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **अनिल जायसवाल** | **अनिल मिश्रा** |
| ग्राम पं0–टड़िया बाजार | ग्राम पं0–टड़िया बाजार |
| वि0 खंड–जोगिया | वि0 खंड–जोगिया |
| जनपद–सिद्धार्थनगर | जनपद–सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-असिधवा
### विकास खण्ड-बांसी,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

ग्राम पंचायत **असिधवा** विकासखंड जोगिया द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना चौदहवां/पंद्रहवां वित्त/ राज्य वित्त तेरहवां वित्त/ पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि स्वच्छ भारत मिशन फेज–2 योजनान्तर्गत वर्ष 2023–24 मे स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट इंटरलॉकिंग ईट बालू सीमेंट मोरंग पेन्ट सरिया वायरिंग पत्थर बोर्ड ईट का टुकड़ा हैंडपंप मरम्मत रिवोर सामग्री कुर्सी मेज अलमारी रवीश विद्युत सामग्री सैनिटाइजर फागिंग मशीन चुना ब्लीचींग सफाई किट स्टेशनरी कूड़ा कूलर पंखा पब्लिक बेंच इत्यादि प्रथम पत्थर की गिट्टी सोडियम लाइट सोलर लाइट स्ट्रीट लाइट से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 18/04/2023 को समय 1:00 बजे तक समग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय **असिधवा** के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन समय 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी।

**नियम व शर्तें–1** जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।–2 आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा 3 वर्ष का आयकर क्लियरेन्स संलग्न होगा।–3 ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेंडर खोला जाएगा।–4 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि मे स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।–5 जो दरे प्रस्तुत की जाए वह वैट कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाएं 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही किया जाएगा। 7. सामग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है।8. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होंगी।9. आपूर्तिकर्ता की 2. 24: आयकर देना होगा।10. ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक पंचायत सहायक आदि कर्मचारियों सें सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएंगी उक्त आशय की नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ताको आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 12.निविदा को बिना बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान के पास होगा।13. स्वीकृत आपूर्ति को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा। 14. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सजनी के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अंदर सामग्री आपूर्ति ना करने की दशा में धरोहर राशि/जप्त कर ली जाएगी।16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **असिधवा** कार्यालय से प्राप्त किया जा सकेगा। 17. सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **असिधवा** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **रामेश्वर श्रीवास्तव** | **रवि कपूर राव** |
| ग्राम पं0–असिधवा | ग्राम पं0–असिधवा |
| वि0 खंड–बांसी | वि0 खंड–बांसी |
| जनपद–सिद्धार्थनगर | जनपद–सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय : ग्राम पंचायत-महुआ
### विकास खण्ड-जोगिया,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

ग्राम पंचायत **महुआ** विकासखंड जोगिया द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना चौदहवां/पंद्रहवां वित्त/ राज्य वित्त तेरहवां वित्त/ पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि स्वच्छ भारत मिशन फेज–2 योजनान्तर्गत वर्ष 2023–24 मे स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यो हेतु प्रथम श्रेणी ईट इंटरलॉकिंग ईट बालू सीमेंट मोरंग पेन्ट सरिया वायरिंग पत्थर बोर्ड ईट का टुकड़ा हैंडपंप मरम्मत रिवोर सामग्री कुर्सी मेज अलमारी रवीश विद्युत सामग्री सैनिटाइजर फागिंग मशीन चुना ब्लीचींग सफाई किट स्टेशनरी कूड़ा कूलर पंखा पब्लिक बेंच इत्यादि प्रथम पत्थर की गिट्टी सोडियम लाइट सोलर लाइट स्ट्रीट लाइट से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 20/04/2023 को समय 1:00 बजे तक समग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय **महुआ** के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी। निविदा उसी दिन समय 2:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जाएंगी।

**नियम व शर्तें–1** जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।–2 आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा 3 वर्ष का आयकर क्लियरेन्स संलग्न होगा।–3 ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेंडर खोला जाएगा।–4 सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि मे स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी।–5 जो दरे प्रस्तुत की जाए वह वैट कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाएं 6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही किया जाएगा। 7. सामग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है।8. प्रस्तुत दरें पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होंगी।9. आपूर्तिकर्ता की 2. 24: आयकर देना होगा।10. ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक पंचायत सहायक आदि कर्मचारियों सें सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जाएंगी उक्त आशय की नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। 11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप/एजेंसी होना अनिवार्य है अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ताको आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का पक्का बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 12.निविदा को बिना बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान के पास होगा।13. स्वीकृत आपूर्ति को भुगतान तकनीकी सहायक/अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा। 14. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंक के एफडीआर एवं एनएससी डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत सजनी के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिवस के अंदर सामग्री आपूर्ति ना करने की दशा में धरोहर राशि/जप्त कर ली जाएगी।16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत **महुआ** कार्यालय से प्राप्त किया जा सकेगा। 17. सामग्री की आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **महुआ** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **इन्दल लोधी** | **प्रदीप सिंह** |
| ग्राम पं0–महुआ | ग्राम पं0–महुआ |
| वि0 खंड–जोगिया | वि0 खंड–जोगिया |
| जनपद–सिद्धार्थनगर | जनपद–सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय :ग्राम पंचायत-पोखरभिटवा
### विकास खण्ड-जोगिया,,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांक: 20.04.2023 को अपराह्न 12.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 03.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक: 20.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **पोखरभिटवा** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **पोखरभिटवा** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **पोखरभिटवा** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।

14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **पोखरभिटवा** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **मधु मिश्रा** | **प्रदीप सिंह** |
| ग्राम पंचायत–पोखरभिटवा | ग्राम पंचायत–पोखरभिटवा |
| वि0 खंड–जोगिया | वि0 खंड–जोगिया |
| जनपद–सिद्धार्थनगर | जनपद–सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय :ग्राम पंचायत-मजिगवां
### विकास खण्ड-जोगिया,जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांक: 20.04.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक: 20.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **मजिगवां** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **मजिगवां** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **मजिगवां** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **मजिगवां** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **प्रकास यादव** | **प्रदीप सिंह** |
| ग्राम पंचायत–मजिगवां | ग्राम पंचायत–मजिगवां |
| वि0 खंड–जोगिया | वि0 खंड–जोगिया |
| जनपद–सिद्धार्थनगर | जनपद–सिद्धार्थनगर |

## कार्यालय :ग्राम पंचायत-बकरहुआ
### विकास खण्ड-जोगिया. जनपद-सिद्धार्थनगर

**-:अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना:-**

वर्ष 2023–24 के लिए मनरेगा योजना/राज्य वित्त/चौदहवां/पन्द्रहवां वित्त/पिछड़ क्षेत्र अनुदान निधि/पंचमराज्यवित्त,पंचायत भवन/अन्तेय स्थल/विधायक निधि,सांसद निधि,गोवंश आश्रय केन्द्र व अन्य योजनान्तर्गत स्वीकृत तथा कराये जाने वाले कार्यों की सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी,ईंट की गिट्टी, मोरंग बालू ,सादा बालू, सीमेंट ,सीमेंट ईट ,सरिया, हयूम पाइप,विद्युत के समान ,सफाई सामग्री ,पैंट ,टाइल्स, साइन बोर्ड इत्यादि के इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा द्वारा दिनांक: 20.04.2023 को अपराह्न 2.00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर प्रस्तुत करें। निविदा उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक: 20.04.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कार्यालय **बकरहुआ** में नियमानुसार निविदा मूल्य अदा कर प्राप्त की जा सकती है तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी। धरोहर की राशि मु. 5000 (पांच हजार) रुपये होगी।

**नियम व शर्त :–**1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।2. आपूर्तिकर्ता का सेल्स टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो। प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीयरेन्ससंलग्न करना होगा।3. ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्ड़र खोला जायेगा।4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित कार्य स्थलपर करनी होगी।5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह वैट तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य कर जोड़ध्कर प्रस्तुत की जाये।6.सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत तथा ग्राम प्रधान के आदेशपर ही की जायेगी।7.सामग्री की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है,आपूर्तिकर्ता को २.२४प्रतिशत आयकर देना होगा।8. ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानॉ सचिवॉ सदस्यॉ बी.ड़ी.सी./जिला पंचायत तकनीकी सहायक आदि कर्मचारियों के सगे सम्बन्धी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। 9. प्रस्तुत दरें पी.ड़ब्लू.ड़ी. द्वारा पंजीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगा।10.निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव/ग्राम प्रधान के पास होगा। 11. धरोहर की धनराशि नकद राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफड़ी एवं एनएससी/ड़ाक घर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत **बकरहुआ** के नाम बन्धक हो संलग्न करना अनिवार्य है। 12.आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के सात दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति न करने की दशा में धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी।13.निविदा फार्म ग्राम पंचायत **बकरहुआ** कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 500/–रूपये पर ही स्वीकार किया जायेगा।14.सामग्री की आपूर्ति के सम्बन्ध में शर्तं व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत **बकरहुआ** के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| ग्राम प्रधान | सचिव |
|---|---|
| **चन्दन** | **प्रदीप सिंह** |
| ग्राम पंचायत–बकरहुआ | ग्राम पंचायत–बकरहुआ |
| वि0 खंड–जोगिया | वि0 खंड–जोगिया |
| जनपद–सिद्धार्थनगर | जनपद–सिद्धार्थनगर |


# विदेशों में कमजोरी के बीच oilseeds कारोबार में गिरावट का रुख

विदेशी बाजारों में गिरावट के रुख के बीच दिल्ली बाजार में बृहस्पतिवार को तेल–तिलहन कीमतों में नरमी देखने को मिली। सरसों, सोयाबीन तेल तिलहन, कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और बिनौला तेल कीमतों में गिरावट रहीजबकि मूंगफली तेल तिलहन के भाव पूर्वस्तर पर बने रहे। मलेशिया एक्सचेंज में 1.5 प्रतिशत की गिरावट थी जबकि शिकागो एक्सचेंज कल रात दो प्रतिशत टूटा था और फिलहाल यहां आधा प्रतिशत की गिरावट है। बाजार सूत्रों ने कहा कि पूरे देश में मंडियों में लगभग 12.50 लाख बोरी सरसों की आवक हुई है जबकि राजधानी में तेल तिलहन की दो मंडियां हैं– नजफगढ़ और नरेला। नरेला में 20 वर्षो के बाद सरसों की लगभग 500–600 बोरी की आवक हुई जबकि नजफगढ़ में 2,500 सरसों बोरी की आवक हुई। इन मंडियों में आढ़तियों ने 5,450 रुपये प्रति क्विन्टल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुकाबले सरसों की खरीद 4,800–4,900 रुपये क्विन्टल के भाव से की। ठीक राजधानी में ऐसा होना देश के तिलहन किसानों की दुर्दशा को दर्शाता है। दिलचस्प



बात यह शिकायत मिलना है कि ये सरसों खरीद के बाद हरियाणा जा रहा है। अगर यही हाल बना रहा तो सरसों का हाल भी सूरजमुखी जैसा हो सकता है और तब सरकार 10,000 रुपये क्विन्टल भी एमएसपी तय कर दे फिर भी किसान सूरजमुखी की तरह इसे बोने से बचेंगे। इस बात को संज्ञान में लेने और जांच करने की आवश्यकता है। सूत्रों ने कहा कि राजधानी दिल्ली में और तमाम तेल संगठनों के रहते हुए, एमएसपी से नीचे सरसों बिक रहा हो और सबकी चुप्पी हो, इसका कारण समझ से परे है। उन्होंने कहा कि सस्ते आयातित तेलों का देश में भारी मात्रा में आयात हो चुका है। स्थिति यह है कि स्थितियों का लाभ लेने के लिए उत्तरी भारत में भी सूरजमुखी तेल का जबर्दस्त मात्रा में आयात कर लिया गया है जबकि इस तेल की ज्यादातर खपत महाराष्ट्र और कुछ दक्षिणी राज्यों में होती है। सरकार को ऐसे आयात को नियंत्रित करने के लिए डम्पिंगरोधी शुल्क लगाने पर भी विचार करना चाहिये। बृहस्पतिवार को तेल–तिलहनों के भाव इस प्रकार रहेरू सरसों तिलहन – 5,215–5,310 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली – 6,790–6,850 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) – 16,660 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,535–2,800 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी– 10,100 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी– 1,615–1,685 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी– 1,615–1,735 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी – 18,900–21,000 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली– 10,900 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर– 10,800 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला– 9,150 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स–कांडला– 8,650 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)– 9,400 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली– 10,150 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स– कांडला– 9,300 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना – 5,375–5,425 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज– 5,125–5,225 रुपये प्रति क्विंटल। मक्का खल (सरिस्का)– 4,010 रुपये प्रति क्विंटल।

# Tunisia के पास नौका डूबी, यूरोप जा रहे 25 प्रवासियों की मौत



ट्यूनिस। ट्यूनीशिया के तट से दूर भूमध्य सागर में यूरोप की ओर जा रही एक नौका के डूब जाने से उसमें सवार कम से कम 25 प्रवासियों की मौत हो गई और 15 अन्य लोग लापता हैं। ट्यूनीशिया के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्फैक्स के अभियोजक फाउजी मसौदी ने 'द एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि ट्यूनीशियाई तट रक्षक बलों ने बृहस्पतिवार को पूर्व–मध्य ट्यूनीशिया में स्थित बंदरगाह एसफैक्स के तट के पास नाव के नीचे फंसे 15 लोगों के शव बरामद किए। उन्होंने बताया कि इससे पहले बुधवार को तटरक्षक बलों ने 10 शव बरामद किए थे और 72 प्रवासियों को बचाया था। अभियोजक ने कहा कि जीवित बचे लोगों से मिली जानकारी के आधार पर नाव में सवार 15 से 20 अन्य लोग अब भी लापता हैं। मसौदी ने बताया कि मृतकों और बचाए गए लोगों में से लगभग सभी लोग उप सहारा अफ्रीका के निवासी हैं।

# झोपड़ी में लगी आग, जिंदा जलकर भाई–बहन की मौत

महराजगंज। नौतनवां थाना क्षेत्र के खरगबरवा गांव में बागीचे के पास बनी झोपड़ी में आग लगने से भाई–बहन जिंदा जल गए। गांव के लोगों ने दौड़कर पंपिंगसेट चलाकर आग पर काबू पाने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने के दौरान गांव में अफरा–तफरी मच गई थी। हर कोई इधर–उधर भागने लगा। आग गांव में न बढ़े, इसके लिए प्रयास करना लोगों ने शुरू कर दिया।

नौतनवां थाना क्षेत्र के खरगबरवां गांव में गौतम खेत की रखवाली करने के लिए गांव के बाहर घर से 500 मीटर की दूरी पर बागीचे में एक झोपड़ी बनाए थे। उनका तीन साल का बेटा राजा और चार साल की बेटी काजल झोपड़ी में खेलने में गए। शाम करीब 4रू30 बजे दोनों अंदर से चेचरा बंद कर झोपड़ी में खेल रहे थे। अचानक झोपड़ी जलने लगी। दोनों मासूमों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका।

गांव के लोग समझ नहीं सके कि झोपड़ी में दो मासूम हैं। गांव के लोग आग बुझाने के लिए दौड़े तो मासूमों की मां, दादी चिल्लाते हुए घर से निकलीं। वे बोल रही थीं कि मेरे बच्चों को बचाओ। गांव के लोगों ने पंपिंगसेट चलाकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक भाई–बहन जल चुके थे।

आग बुझने के बाद मासूमों के शव को देखकर उनकी मां सरिता बेहोश हो गईं। इस घटना की जानकारी होते ही अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। लोगों के मुताबिक बच्चे खेलने के दौरान माचिस की तीली जलाए होंगे, इससे आग लगी होगी। आग लगने के सटीक कारणों को कोई बता नहीं सका। नौतनवां क्षेत्राधिकारी अजय सिंह चौहान ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आग पर काबू पा लिया गया है। पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी।

# एसडीएम के निरीक्षण में बंद मिला पिंडी का गेहूं क्रय केंद्र

पिंडी। एसडीएम सलेमपुर अरुण कुमार के नेतृत्व में तहसील स्तरीय अधिकारियों की टीम ने क्षेत्र के गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई गेहूं क्रय केंद्र बंद पाए गए। वहीं कुछ क्रय केंद्रों पर अच्छी खरीद की गई है। क्रय प्रभारियों ने अधिकारियों से किसानों के रजिस्ट्रेशन परिपत्रों के सत्यापन में विलंब होने की जानकारी दी। इसे गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने सत्यापन के लिए मातहतों को निर्देश दिए। एसडीएम अरुण कुमार पिंडी गेहूं क्रय केंद्र पहुंचे तो क्रय केंद्र बंद मिला। जिस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए विभागीय अधिकारियों को क्रय केंद्र खुले रखने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने खेमादेई में स्थित गेहूं क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम को वहां तैनात सचिव ने बताया किसानों की सत्यापन में विलंब हो रहा है। जिसकी वजह से किसान मजबूरी में अपना गेहूं प्राइवेट में बेच रहे हैं। मामले का संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने तहसील के अपने अधीनस्थों से किसानों के परिपत्रों के शीघ्र सत्यापन के निर्देश जारी किए। इसी क्रम में नायब तहसीलदार डॉ. भागीरथी सिंह ने गेहूं क्रय केंद्र उकिना खास तथा गेहूं क्रय केंद्र पिपरा बौली का निरीक्षण कर क्रय प्रभारियों से खरीद में तेजी लाने के निर्देश दिए।

## 34 हजार रुपये लेकर उचक्के फरार

निचलौल। शहर में एक बैंक से रकम निकालकर किराने की दुकान से खरीदारी करने जा रहे व्यक्ति से दोपहर में एक बाइक पर सवार उचक्के 34 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। बीच शहर में दिनदहाड़े घटना होने के बाद से लोगों में खलबली मच गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आसपास की दुकानों में लगी सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच में जुट गई है। क्षेत्र के बरगदही गांव के रहने वाले भानु प्रताप शुक्ल ने बताया कि उन्होंने जरूरी कार्य के लिए शहर में पंजाब नेशनल बैंक से 36 हजार रुपये की निकासी की। उसके बाद तत्काल दो हजार रुपये के सामान की खरीदारी कर ली। शेष बचे 34 हजार रुपये को झोले में रखकर बाइक की हैंडिल में लटका लिया। उसके बाद शहर के मारवाड़ी मोहल्ले में एक किराने की दुकान पर पहुंचे। इसी बीच एक बाइक पर सवार दो उचक्के झोला लेकर फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने कहा कि पीड़ित से पूछताछ कर और सीसीटीवी कैमरों की मदद से उचक्कों की पहचान की जा रही है।

## स्कूल में अध्यापिका को छेड़ता था प्रधानाध्यापक, केस दर्ज

महराजगंज। सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित एक सरकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक की दबंगई सामने आई है। प्रधानाध्यापक ने यहां पर तैनात सहायक अध्यापिका को धमकी देते हुए कहा कि आराम से मान जाओ, नहीं तो दुष्कर्म कर दूंगा। मामले में कोतवाली पुलिस पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी प्रधानाध्यापक के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच में जुट गई है। अध्यापिका ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह किराये के मकान में रहती हैं। क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात हैं। जहां पर 21 अगस्त 2018 को एक प्रधानाध्यापक निचलौल से स्थानांतरण कराकर विद्यालय पर आए। उसके बाद प्रधानाध्यापक उनको बुरी नीयत से देखने लगे। इसी बीच 27 अगस्त 2018 को 11 बजे प्रधानाध्यापक अपने कार्यालय में बुलाकर अश्लील हरकत करने लगे। इसका विरोध करने पर अभद्र शब्दों का प्रयोग करने लगे। इसके बाद से प्रधानाध्यापक ने कई बार अश्लील हरकत करने की कोशिश की। इसकी लिखित शिकायत फरवरी 2019 में खंड शिक्षा अधिकारी से की, लेकिन कोई कार्रवाई न होने से प्रधानाध्यापक की हौसला और बुलंद हो गया। उसके बाद से प्रधानाध्यापक बार–बार अश्लील हरकत करते हुए शोषण करने लगा। इतना ही नहीं, विरोध करने पर जान से मारने और दुष्कर्म करने की धमकी देने लगा। सदर कोतवाल रवि राय ने कहा कि आरोपी प्रधानाध्यापक पर केस दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## भाजपा नेताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की मनाई जयंती

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बरगदवा/नौतनवां। भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा



साहब भीम राव अंबेडकर की जयंती पर भाजपा नेता बाबू नंदन शर्मा ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम सभा कोहरगड्डी,बरगदवां व क्षेत्र के विभिन्न गांवो में बाबा साहब की चित्र पर फूल माला चढ़ाकर व धूप दीप जलाकर जयंती मनाई गई इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष बाबू नंदन शर्मा मंडल महामंत्री राजू चौधरी जी मंडल उपाध्यक्ष पवन राजभर जी संतपाल गौतम जी राम अवध गौतम जी साधु गौतम जी घीसन मिस्त्री जी सहित सैंकड़ों लोग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर उपस्थित रहे।

## बाबा साहब के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लें युवा नेता–राहुल निषाद

दैनिक बुद्ध का सन्देश

बस्ती। शुक्रवार को बाबा साहब डा. भीमराव अम्बेडकर के जयन्ती अवसर पर जनपद में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गये। गणेशपुर नगर पंचायत बाजार में अम्बेडकर प्रतिमा तक भव्य यात्रा निकाली गई।सुहेलदेव समाज पार्टी के युवा नेता राहुल निषाद ने



बाबा साहब को नमन् करते हुये कहा कि जाति व्यवस्था का दंश झेल चुके बाबा साहेब अम्बेडकर ने समाज में हर तब के को समानता दिलाने के लिए लंबी लड़ाई लड़ी। वे भारत देश के पहले कानून मंत्री बनाए गए। भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहेब अम्बेडकर के विचार आज भी सबको प्रेरित करते हैं। बाबा साहब ने कहा था कि 'अगर आप में गलत को गलत कहने की क्षमता नही है, तो आपकी प्रतिभा व्यर्थ है, शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो। 'अपनी कोशिश को तब तक जारी रखो जब तक आपकी जीत इतिहास ना बन जाए। युवा पीढ़ी को बाबा साहब के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेनी चाहिये।

## कहीं आशनाई में तो नहीं हुई अर्जुन की हत्या

बरहज। क्षेत्र के कपरवार चौराहे पर एसओजी और सर्विलांस की टीम .पूरे दिन जमी रही। टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ कुछ जगहों पर दबिश दी। अर्जुन की हत्या के खुलासे में पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग भी हाथ लगे हैं।

हालांकि लोग उसकी मौत आशनाई से जोड़कर देख रहे हैं। एसओजी और सर्विलांस टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ चौराहे के नजदीकी गांवों में पूरे दिन दबिश दी। जबकि मृतक के परिजनों से भी जानकारी ली। अर्जुन के हत्या मामले में पुलिस टीम की ओर से कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मदनपुर थाना क्षेत्र के कुसम्हा गांव निवासी अर्जुन कुमार का शव मंगलवार को कटइलवा गांव स्थित मुक्तिपथ के निकट सरयू नदी में उतराता मिला था। उसके हाथ के कलाई में रस्सी, जबकि पैर बंधे हुए थे। मामले में लोगों को हुई नृशंस हत्या से पर्दा हटने का इंतजार है। ग्रामीणों के अनुसार अर्जुन का अक्सर कपरवार चौराहे पर देखा जाता था। वहीं बराबर एक रिश्तेदार के घर भी आना–जाना था। पुलिस हत्या को आशनाई से जोड़कर खुलासे में जुटी हुई है। अर्जुन के परिजन कुछ भी कहने से गुरेज कर रहे हैं।

डूबने से हुई थी अर्जुन की मौत

बरहज। मदनपुर थाना क्षेत्र के कुसम्हा निवासी अर्जुन पुत्र चोकट प्रसाद का शव नदी में उतराता मिला था। उसके हाथ–पैर बंधे हुए थे। अंत्य परीक्षण रिपोर्ट में मौत का कारण डूबने से बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार कुछ लोगों ने उसे बाइक से लाकर नदी में फेंक दिया है। हाथ–पैर बंधा होने के कारण वह डूब गया और उसकी मौत हो गई।

# बुजुर्ग के सिर को पैर से दाबकर बेल्ट से पिटाई, वीडियो वायरल

निचलौल। शहर में तहसील चौराहे से करीब दो सौ मीटर उत्तर सड़क की पटरी के किनारे दोपहर में दो लोगों ने मामूली बात से आक्रोशित होकर एक बुजुर्ग के सिर को पैर से दबाकर बेल्ट से पिटाई कर दी। घटनास्थल पर मौजूद किसी ने पिटाई का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। वीडियो को देखने वाले लोग बुजुर्ग की पिटाई कर रहे दोनों मनबढ़ों की निंदा कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर 50 सेकेंड के वायरल वीडियो में एक युवक किसी बात से नाराज होकर सबसे पहले पीले रंग के कपड़ा पहने बुजुर्ग व्यक्ति को धक्का देकर जमीन पर गिरा देता है। बुजुर्ग व्यक्ति युवक के हमले से बचने की कोशिश करता है। लेकिन बुजुर्ग आक्रोशित युवक के हमले से बचने में असफल रहा। ऐसे में युवक दाहिने हाथ से बुजुर्ग व्यक्ति के लंबे बालों को पकड़कर पैरों पर गिरा लेता है।

उसके बाद बाएं हाथ में बेल्ट लेकर ताबड़तोड़ पिटाई करने लगता है। इसी बीच सफेद रंग का कपड़ा पहने एक व्यक्ति आकर युवक के साथ बुजुर्ग की लात–घूंसों से पिटाई करना शुरू कर देता है। बुजुर्ग पर इस तरह के हमले को लेकर लोगों में तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं। विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष और बेलहिया कुटी के महंत शंभु दास ने कहा कि इस तरह की घटना निंदनीय है। ऐसे मनबढ़ों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। इस मामले में पुलिस से जानकारी लेकर आरोपियों पर कार्रवाई कराई जाएगी। थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद कुमार गुप्ता ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं है। तहरीर मिलने पर मनबढ़ों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मनबढ़ों की दबंगई देख सहमे रहे लोगः शहर में दिनदहाड़े सड़क के किनारे मनबढ़ों की दबंगई देखकर आसपास और राहगीर घंटों सहमे रहे। क्योंकि, मनबढ़ युवक बुजुर्ग व्यक्ति पर बेल्ट से ताबड़तोड़ हमला बोल रहा था। ऐसे में घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने मनबढ़ों के चंगुल से बुजुर्ग को बचाना मुनासिब नहीं समझा।

# मानव सेवा सर्वोपरिःओम बालिका सिंह

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। आज सदर विकास खण्ड नौगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलवा में सरकार द्वारा चलाए जा रहे चिकित्सा वाहन ग्राम पंचायत बेलवा में पहुंचा। चिकित्सा वाहन पहुंचने पर सर्व प्रथम ओम बालिका सिंह ने सभी ग्राम पंचायत के ग्राम वासियों को प्राथमिक उपचार हेतु सूचना दिया कि जिस व्यक्ति को चिकित्सा हेतु कोई आवाश्यक उपचार करना हो तो वह आके अपना उपचार करा लें। ग्राम पंचायत बेलवा की ओम बालिका सिंह सामाजिक कार्यों हेतु सदैव तत्पर रहती हैं। वह एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। समाज सेविका ओम बालिका सिंह के अनुसार जिस प्रकार कहा



जाता है कि नर सेवा नारायण सेवा उसी प्रकार लोगों की सेवा करने के बाद मुझे एक अलग सुख की अनुभूति होती है। मानव समाज की सेवा करना समाज हित में बहुत ही महत्व पूर्ण अंग है। मैं समाज को अपना परिवार समझती हूं। और मैं चाहती हूं कि मुझे लोगों की सेवा करने का ज्यादा से ज्यादा मौका मिले। इस अवसर पर रोजगार सेवक अजय सिंह, ग्राम प्रधान इस्रायल, शांति देवी, गायत्री देवी, फूला देवी, हरिराम गुप्ता, मन भारती, शिवकुमार, मनोज, मोहन ,सावित्री आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# अम्बेडकर जयन्ती पर युवा वर्गों ने लिया बढ़–चढ़कर हिस्सा, निकाली रैलियां

दैनिक बुद्ध का सन्देश

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गयी, खास तौर से युवा वर्गों ने इसमें बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। बाबा साहब की गाजे–बाजे के साथ रैलियां भी निकाली गयी। नीबी दोहनी में गोपाल प्रसाद फौजी



की उपस्थिति में भी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई और उनकी झाँकी भी निकाली गई। इस दौरान गोपाल प्रसाद फौजी ने कहा कि आंबेडकर जयंती को श्समानता दिवसश् और श्ज्ञान दिवसश् के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले आंबेडकर को समानता और ज्ञान के प्रतीक माना जाता है। आंबेडकर को विश्व भर में उनके मानवाधिकार आंदोलन संविधान निर्माता और उनकी प्रकांड विद्वता के लिए जाने जाते हैं और यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। इस दौरान सभी जनप्रतिनिधि और युवाओं ने जन्मोत्सव की एक–दूसरे को बधाइयां दी और जय भीम के नारे भी लगाए। इस दौरान हेमन्त गौतम सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## कैसा जमाना आया,चोरों ने सामुदायिक शौचालय सहित कई मोटर चुराए

दैनिक बुद्ध का सन्देश

लोटन,सिद्धार्थनगर। क्षेत्र में चोरों का बोल बाला है।आये दिन चोरी की कुछ न कुछ घटनाएं होती रहती हैं। बीती रात ग्राम पंचायत पड़हरा खुर्द के सिंघोरवा, सामुदायिक शौचालय से गोपियां पुर और महुआ घाट से नल में लगे मोटर को अज्ञात चोरों ने खोल कर उठा ले गए। ऐसी घटना से ग्रामीण क्षेत्रों में लोग दहशत में है कि घर खेत का सामान नहीं बच रहा है। कैसा जमाना आया है। लोटन कोतवाली अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़हरा खुर्द टोला सिंघोरवा निवासी मोहम्मद अली पुत्र स्व मोहम्मद जलील के घर के पश्चिम तरफ नल में लगा मोटर अज्ञात चोरों ने खोलकर उठा ले गए। इसी प्रकार उक्त घर के कुछ ही दूरी पर सामुदायिक शौचालय में लगा मोटर,इसी गांव के दक्षिण तरफ गोपियां पुर निवासी राम निवास पुत्र दुःखी और कुछ ही दूरी पर महुआ घाट गांव निवासी बाबूलाल पुत्र बुलबुल के नल में लगा मोटर अज्ञात चोरों ने उठा ले गए। आश्चर्य की बात यह है कि एक ही रात में चार चार मोटर अलग अलग स्थानों से चोरों ने खोल कर उठा ले गए। पुलिस वालों को भनक तक नहीं लगा। जबकि रात के समय में पुलिस वालों की गश्त होती रही है फिर भी बेखौफ होकर चोर घटना को अंजाम देते रहे।

# भीमराव जयंती पर दिखा विशाल प्रभात फेरी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सेहास,सिद्धार्थनगर। आज बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के





अवसर पर सदर विकास खण्ड अंर्तगत ग्राम पंचायत गनेरा के राजस्व ग्राम देउरा जंगल में विशाल प्रभात फेरी निकालने की योजना बनाई गई। जिला पंचायत सदस्य श्यामा चरण गौतम की अगुवाई में इस प्रभात फेरी को निकाला गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान गनेरा चंद्रजीत जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रमणि यादव सम्मिलित रहे। जिसमे क्षेत्र के महादेवा खुर्द मदरहना, महादेवा बुजुर्ग आदि लगभग सभी गांवों से आए हुए लोगों ने प्रतिभाग किया। प्रभात फेरी जय भीम के नारों से गुंज उठा। इस प्रभात फेरी लगभग 90 प्रतिशत युवाओं ने भाग लिया। प्रभात फेरी में लगभग हजारों लोगों की संख्या मौजूद रही। जिला पंचायत सदस्य श्यामा चरन गौतम के अनुसार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर दलितों के मसीहा भगवान थे। आज उन्ही का लिखा हुए संविधान से भारत का संविधान है। बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर मानवता के प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने सर्वप्रथम दलितों के हितों के लिए लड़ाई लड़ी। प्रभात फेरी को भव्य रुप देने में योगेन्द्र, बुद्धसागर, सबलू, बबलू, प्रमोद, संतोष, सुनील आदि युवाओं का सहयोग रहा। प्रभात फेरी राजस्व ग्राम देउरा जंगल से प्रारम्भ होकर गनेरा, खजुरिया, विशुनपुर होते हुऐ सोहास से पुनः महदेवा बाजार तक निकाला गया। इस प्रभात फेरी में क्षेत्र के रमेश ,महेश, दिनेश, भोला, शिवकुमार, कृष्णा,बनारसी, आनन्द, स्वामीनाथ, रुदल, बबिता, गीता कलावती सुरेश आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## बड़े धूमधाम से मनाया गया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जिन्हें डॉक्टर बाबा साहेब





आंबेडकर के नाम से जाना जाता है बाबा साहेब का जन्म 14 अप्रैल को पर्व के रूप म भारत सहित पूरे विश्व में मनाया जाता है। क्योंकि जीवन भर समानता के लिए संघर्ष करने वाले अंबेडकर को समानता और ज्ञान का प्रतीक माना जाता है अंबेडकर को विश्व भर में उनके मानवधिकार आंदोलन संविधान निर्माता और उनकी प्रकांड विद्वान के लिए जाने जाते हैं यह दिवस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। जयंती दिवस पर प्रत्येक व्यक्ति बड़े छोटे बच्चे बढ़–चढ़कर खुशी मनाते हैं क्योंकि संविधान रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर गरीबों के मसीहा थे। इस जयंती पर श्यामाचरण गौतम के नेतृत्व में रोड शो करते हुए मदरहा गनेरा तेनूआ नवांशहर से होते हुए महादेवा सेखुईयां मोहाना बाजार तक भारी संख्या मे भीम आर्मी से जुलूस निकालकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई। इस मौके पर श्यामाचरण गौतम राकेश डिवाइन रामअचल मनोज मिश्रा महेंद्र सुदर्शन जनार्दन बनारसी संतोष मनोज कुमार कन्हैया कुमार वीरेंद्र आदि मौजूद रहे।

# श्रीमद् भागवत कथा चतुर्थ दिवस पर भगवान के जन्म के साथ नंद बाबा ने मनाया जन्मोत्सव

दैनिक बुद्ध का सन्देश

मधुपुर,सोनभद्र। मधुपुर बाजार के रामलीला मैदान में चल रहे पावन श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन सभी ने वृंदावन मथुरा से पधारे युवा विद्वान ब्रजराज दास द्वारा व्यासपीठ से कथा श्रवण कराते हुए बताया कि राजा परीक्षित को जब पता चला कि अब मुझे केवल 1 सप्ताह ही जीवित रहना है। उसी समय राजा परीक्षित सारा राजपाट छोड़कर गंगा किनारे जाकर पूजन पाठ व भजन कीर्तन में तल्लीन हो गए। उसी समय सुखदेव जी गंगा तट पर आ पहुंचे सुखदेव जी को देखते ही राजा परिचित ने कहा कि प्रभु हमें बताएं कि जिस व्यक्ति की आयु 7 दिन बच्ची हो उसे क्या करना चाहिए इतना ही नहीं राजा परीक्षित में सुखदेव जी के सामने जन कल्याण हेतु प्रश्नों की झड़ी लगा दिया। सुखदेव जी ने कहा कि व्यक्ति को अंतर्मुखी होना चाहिए हर मरने वाले व्यक्ति को भजन कीर्तन पूजन पाठ व कथा श्रवण करना चाहिए। मनुष्य के जीवन में सुख के दिन जैसे बीत जाता है पता नहीं चलता है। वैसे ही दुख के भी दिन बीत जाएगा। इसलिए मनुष्य को समय निकालकर अपनी परमार्थ हेतु भगवान का भजन करना चाहिए। भजन के अलावा कोई रास्ता नहीं है। भगवान का उत्सव उस तरीके से मनाना चाहिए जिससे भगवान प्रसन्न हो जाएं, भगवान नाम संकीर्तन, भंडारा, दान पुण्य आदि करना चाहिए। मनुष्य जीवन प्राप्त करने का तभी लाभ है जब मनुष्य भजन कीर्तन कर योनि भ्रमण से मुक्ति पा जाए। मनुष्य जीवन का अंतिम लाभ वही है जब मृत्यु के समय भगवान की स्मृति बनी रहे ।किसी व्यक्ति को अपने जीवन का अंतिम दिन पता नहीं होता है । इसलिए प्रत्येक दिन की शुरुआत को ही अंतिम दिन मानकर भगवान का भजन करें। जिससे 84लाख योनियों के भ्रमण करने से जीवन बच जाए। व्यक्ति के मरने के बाद साथ केवल धर्म जाएगा। संसार में सरल बनना बड़ा कठिन है परंतु सरल वही बन पाता है जिसके हृदय में श्यामसुंदर बस जाते हैं। वही सरल है, आगे व्यास जी ने कहा कि जगत सृष्टि में सबसे पहले ब्रह्मा जी की उत्पत्ति विष्णु भगवान के नाभि से हुआ था। ब्रह्मा जी तपस्या करने लगे भगवान प्रकट होकर कहे कि अब तुम सृष्टि की रचना करो। ब्रह्मा जी ने कहा प्रभु सृष्टि की रचना कैसे करूं? भगवान ने सारा रास्ता बताया। नारायण ने ब्रह्मा जी को केवल चार श्लोक दिया उन्हीं चारों श्लोक में सारा भागवत कथा है पहले 18000 श्लोक नहीं था। ब्रह्मा जी की नाक से भगवान वाराह अवतार लेकर हिरण्याक्ष कुमार कर पृथ्वी की रक्षा की थी। जय विजय बैकुंठ में भगवान के दरबारी बनकर भगवान की सेवा कर रहे थे। बैकुंठ में जाने से पहले व्यक्ति की कुंठा समाप्त होना चाहिए। छल, कपट, चोरी, पाप को भगाने वाला व्यक्ति ही कुंठा से मुक्ति पाता है। सनकादिक ऋषि भगवान के दर्शन हेतु बैकुंठ जा रहे थे तभी जय विजय ने रोक दिया। इस पर क्रोधित होकर सनकादिक ऋषि ने श्राप दे दिया। कि तुम 3 जन्मों तक राक्षस योनि में जन्म लोगे। काफी अनुविनायक करने के बाद जय विजय के सर आपको ऋषि ने कम कर दिया। इस प्रकार रावण भगवान शिव का परम भक्त होने की बाद भी 3 जन्मों तक राक्षस योनि में जन्म लेना पड़ा। हिरण्यकश्यप, रावण व शिशुपाल के रूप में जन्म लिया जिससे तीनों जन्मों में जय विजय भगवान के हाथों मारा गया। जिससे जय विजय को श्राप से मुक्ति मिली। बिरह में मिलन की इच्छा होती है। मिलन में बिरह नहीं होता, सच्चा सुख बिरह में है। आगे व्यासपीठ से कथा श्रवण कराते श्री दास ने कहा कंस अपनी बहन को काफी लाड़ प्यार करता था। शादी के बाद सोचा कि मैं क्यों न बहन को ससुराल तक छोड़ आऊं, तभी आकाशवाणी हुआ अरे कंस जिस बहन को तू इतने लाड प्यार के साथ पहुंचाने जा रहा है। तू इसी देवकी के आठवीं संतान के हाथों मारा जाएगा। इससे भ्रमित होकर कंश देवकी और वसुदेव को बंदी गृह में बंद कर दिया। कड़ा पहरा लगा दिया। देवकी के जैसे जैसे बच्चे होते गए वैसे वैसे 6 बच्चों को पत्थर पर पटक– पटक कर मार डालता था। इस प्रकार कंस द्वारा 6 बच्चों को मार कर अपना पाप बहुत अधिक बढ़ा लिया। अष्टम गर्भ में भगवान श्रीकृष्ण का प्राकट्य हुआ। ब्रह्मा जी जब पता चला कि भगवान गर्भ में आ गए हैं तब ब्रह्मा जी भगवान का स्वागत करने आ गए। भगवान के कारागृह में जन्म लेते ही सारे ताले टूट गए, सभी पहरेदार सो गए, देवकी वाह वसुदेव की हथकड़ी बेड़ी खुल गए। वसुदेव जी सूप में लेकर भगवान को नंद बाबा के घर रातों–रात पहुंचा दिया। जिससे नंद बाबा ने बड़े उत्साह के साथ भगवान का जन्म उत्सव मना कर हाथी घोड़ा सोना चांदी अशर्फी जेवरात लुटा कर उत्सव मनाया । इस दृश्य के बाद भगवान का आरती हुआ तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।



## राष्ट्रप्रेमी भारत के सच्चे सपूत थे डा0 अम्बेडकर:सोबरन सिंह

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। 14 अप्रैल को भारतीय संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डाक्टर भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती




अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संघ सोनभद्र के तत्वावधान में मनाया गया। तेज धूप व गर्मी के बाद भी बड़ी संख्या में महिलाओं समेत अन्य लोग शोभा यात्रा मे शामिल हुए,अम्बेडकर स्थल पुसौली से शोभा यात्रा (जलूस) बढ़ौली चौराहा,मेंन चौक होते हुए विवेकानंद प्रेक्षागृह पर पहुंचा जहां जयंती समारोह मनाया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यअतिथि सोबरन सिह ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का एक मात्र लक्ष्य समाज में व्याप्त विषमता और अपराजिता का अंत करना था। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उन्होंने सब कुछ त्याग दिया। वे संघर्ष की राह पर चले बड़े–बड़े समाज सुधारक और राजनेता समाज के मुख से अस्पृश्यता और छुआछूत को समाप्त करने में असमर्थ रहे उसें डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संवैधानिक रूप से सदा सदा के लिए धो डाला। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सच्चे राष्ट्रप्रेमी भारत मां के सच्चे सपूत व दलितों के मसीहा थे। विशिष्ट अतिथि पूर्व सीएमएस डा. के कुमार ने कहा कि क्रांतिकारी व्यक्तित्व के धनी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर केवल समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र तथा धर्म शास्त्र के ही नहीं वरन विधिशास्त्र के भी प्रकांड विद्वान थे। उनके विधिशास्त्र के ज्ञान के कारण ही उन्हे संविधान समिति का अध्यक्ष चुना गया। परिणाम स्वरुप डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने इस कार्य को पूरा किया वे भारतीय संविधान के जनक थे। जो विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है,जीवनभर समाज में व्याप्त असमानता के खिलाफ लडने वाले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने 6 दिसंबर 1956 को इस संसार से विदा ले लिया भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न की उपाधि से अलंकृत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर सी सरोज व संचालन राजेंद्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में आर पी टंडन, डा. सन्तोष, अरविंद कुमार सुबेदार प्रसाद रजनी राजवंश, रेनू राव, डा. राज कुमार,मास्टर धर्मेंद्र हीरालाल समेत बडी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## भीम राव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में मनायी गयी

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान निर्माता डा0 भीम राव अम्बेडकर जन्म दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय डा0 भीमराव अम्बेडकर के जन्म दिवस समारोह में जनपदवासियों को शुभकामना देते हुए कहा कि डा0 अम्बेडकर का जीवन अनुकरणीय है जिनके योगदान से पूरा देश गौरवान्वित है, डा0 अम्बेडकर का जीवन एक संघर्ष का इतिहास रहा है उन्होंने भारत देश में छुआछूत और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिए संघर्ष किया, उनका मामना था कि अस्पृश्यता को हटाये बिना राष्ट्र की प्रगति नहीं हो सकती। बाबा साहेब ने भारत के संविधान के निर्माण में सबसे अहम भूमिका निभायी, जिसके चलते उन्हें संविधान का जनक भी कहा जाता है, डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जी का जन्म 14 अप्रैल सन् 1891 में मध्य प्रदेश के माहु में हुआ था, उन्होंने अपने जीवन काल में भारतीय समाज में समानता लाने के लिए काफी प्रयास किये, उन्होंने हमेशा मजदूर वर्ग व महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया, बाबा साहेब कहा करते थे कि वे ऐसे धर्म को मानते है जो स्वतंत्रता, समानता और भाई–चारा को बढ़ावा देता है, उनका मानना था कि जीवन लम्बा होने के बजाय महान होना चाहिए, सन् 1990 में उन्हें मरणोपरान्त भारत का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न भी दिया गया। जिलाधिकारी ने कहाकि आज जो हम प्रशासनिक अधिकारियों को आम नागरिकों



को बराबरी के दर्जे के साथ उनका हक दिलाने का मौका मिला है, वह भारतीय संविधान की देन ही है। उन्होंने कहा कि कभी भी भेद–भाव होते देखें, तो उसे रोके, किसी के साथ अन्याय न होने दें। समस्याओं का समाधान प्राप्त सामर्थ्य के अनुसार तत्परता से करें, गरीबों की मदद करें, तभी बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर का सपना साकार होगा। संविधान सभा के अध्यक्ष डा0 अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए जनपद के नागरिकों के साथ ही सभी अधिकारियोंध्कर्मचारियों से अपील करते हुए जिलाधिकारी ने कहाकि एक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के साथ सम्मान जनक व्यवहार करते हुए देश को सशक्त बनाने में समरसता बढ़ाये, इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकरी सौरभ गंगवार ने कहा कि डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जयंती को समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर ने जीवन भर समानता के लिए संघर्ष किया, डॉ0 अम्बेडकर को समानता और ज्ञानता का प्रतीक भी माना जाता है, देश में समानता लाने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की, उनका कहना था कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का माध्यम है, समय आने पर अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दी जाये, जिससे कि देश के प्रगति में निरन्तर वृद्धि होती रहें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमांमि गंगे आशुतोष दूबे, अपर जिलाधिकारी( न्यायिक) भानू प्रताप, राजकीय बालिका इण्टर कालेज की प्रधानाचार्या रंजना शुक्ला, जिला विद्यालय निरीक्षक आर0पी0 यादव, समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, डी0सी0 एन0आर0एल0एम0 ए0 के0 जौहरी ने भी डॉ0 भीम राव अम्बेडकर जी के जीवन कृत्यों पर विस्तार पूर्वक से प्रकाश डाला। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह, ज्येष्ठ खान अधिकारी आशीष कुमार, खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन अधिकारी सुशील सिंह, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कुमार खैरवार, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, युवा कल्याण अधिकारी सोनभद्र सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें। आयोजित समारोह कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेश पाठक ने किया।

## नव नियुक्त सपा जिलाध्यक्ष का गर्मजोशी से हुआ स्वागत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

करमाध्सोनभद्र। समाजवादी पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष




राम निहोर यादव के शुक्रवार को दोपहर जनपद में आगमन से उत्साहित पार्टी के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय करमा बाजार में गर्मजोशी से माल्यार्पण कर स्वागत किया राम निहोर यादव को दूसरी बार जिले में संगठन के अध्यक्ष के रूप में ताजपोशी की गयी है,पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदेश नेतृत्व से श्री यादव को जिलाध्यक्ष बनाये जाने की मांग समय–समय पर की जाती रही है,वर्तमान में समाजवादी पार्टी के झारखंड प्रदेश के प्रभारी के पद पर रहते हुए संगठन का कार्य कर रहे। श्री यादव ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता मेरे लिए सम्मानित है, नगर निकाय चुनाव के बाद जनपद स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा किया जायेगा, कर्मठ कार्यकर्ताओं को पार्टी में बड़ी जिम्मेदारी दी जायेगी, इस अवसर पर लोक सभा प्रभारी राजनारायण उर्फ निराला, जिला पंचायत सदस्य नीरज श्रीवास्तव, बाबूलाल यादव,भीम सिंह यादव, राम प्यारे पटेल, बिजेन्द्र नारायण सिंह, लक्ष्मण यादव, कामता प्रसाद यादव, कमला प्रसाद मौर्या, दिनेश सिंह पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में हर्षोल्लास से मनाई गयी जयंती

दैनिक बुद्ध का सन्देश

ओबरा(सोनभद्र)। नगर के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय



ओबरा में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाई गयी ।कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के संगोष्ठी कक्ष में महाविद्यालय के प्राचार्य एवं प्राध्यापकों द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया गया ।तत्पश्चात संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रमोद कुमार नें कहा कि बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर लोगो को चलना चाहिए ।उनके विचारों से देश आगे बढ़ेगा ।उनका विचार था कि सभी को समान अधिकार मिलें और सभी लोग शिक्षित बनें ।संविधान निर्माता बाबा साहब की सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताये गये विचारों पर चलें ।उनका विचार था कि समाज में समता होनी चाहिए ।सभी को बराबर का समान अधिकार एवं न्याय मिलना चाहिए ।इस अवसर पर महाविद्यालय कें वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर डॉ राधाकान्त पाण्डेय,डॉ मीरा यादव,डॉ महेन्द्र प्रकाश,डॉ किरन सिंह,डॉ विकास कुमार,डॉ उपेंद्र कुमार,डॉ महीप कुमार नें बाबा साहब के जीवन शैली,व्यक्तित्व को विस्तार से बताते हुए उनके विचारों को अनुसरण करने व उनके बताये गये रास्ते पर चलने को कहा ।कार्यक्रम में प्रमोद केसरी,महेश पाण्डेय,सैफुद्दीन सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

## सपा कार्यालय पर मनाई गई डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती.....

दैनिक बुद्ध का सन्देश

संतकबीरनगर। सपा कार्यालय पर डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम, पूर्व विधायक जय चौबे एवं जिलापंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव सहित सभी सपाईयों ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान जिलापंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव ने कहा कि संविधान के रचयिता डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवन से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए उन्होंने कहा कि सभी को बाबा साहब के बताए मार्गो पर चलने की जरूरत है। वही जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलने का संकल्प दिलाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि आज सभी को बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चलने की जरूरत है, उन पर मजबूती से अमल करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अंबेडकरवादी और समाजवादी को एक साथ मिलकर चलने की जरूरत है जिससे प्रदेश और देश मे परिवर्तन हो सके। कार्यक्रम को संबोधित कर पूर्व विधायक जय चौबे ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर ने भारत की आजादी की लड़ाई में एक अहम भूमिका निभाने के साथ ही सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए संविधान निर्माण की भी जिम्मेदारी उठाई थी। इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता जयराम पाण्डेय, रामवृक्ष यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष गौहर अली खान, मेहदावल के पूर्व चेयरमैन राम नयन निषाद, रमेश निषाद, अभिषेक यादव, राम दरस यादव, आलोक यादव सोनू,अशोक चौधरी, राहुल यादव बादल, रमेश यादव सहित तमाम सपाई उपस्थित रहे।

**■ सपा जिलाध्यक्ष अब्दुल कलाम, पूर्व विधायक जय चौबे एवं जिलापंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव सहित सपाईयों ने डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया.....**



## तहसील घोरावल के सभागार में बाबा साहेब की मनाई गयी जयंती

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सोनभद्र। तहसील घोरावल के सभागार में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 132 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई .कार्यक्रम का शुभारंभ उप जिलाधिकारी और क्षेत्र अधिकारी घोरावल द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया इसके बाद उपस्थित सभी वक्ताओं द्वारा बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया और लोकगीत और बिरहा के माध्यम से बाबा साहब की जीवनी और उनका गुणगान किया गया इस अवसर पर तहसील घोरावल के समस्त स्टाफ लेखपाल गण और जनता उपस्थित रहे आसपास के कलाकारों को इसमें आमंत्रित किया गया था. इसके बाद समस्त उपस्थित आगंतुकों को जलपान कराया गया।



बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# गर्मियों में पसीने को नियंत्रित करने के लिए अपनाएं ये 5 टिप्स



गर्मी का मौसम मौज–मस्ती का समय हो सकता है, लेकिन इस दौरान अत्यधिक पसीना आपको असहज महसूस करवा सकता है। हालांकि, पहनने के लिए सही कपड़े चुनने से लेकर हाइड्रेटेड रहने और साफ–सफाई का ध्यान रखने तक, ऐसे कई कार्य और प्रभावी तरीकों से पसीने को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। आइए आज हम आपको 5 ऐसी टिप्स देते हैं जो गर्मियों के दौरान आपको कूल रखने और पसीने को कम करने में मदद कर सकते हैं।

इन खान–पान की चीजों के सेवन से बचें

खान–पान की चीजों का गलत चयन भी पसीने की समस्या को बढ़ा सकता है। शराब और कैफीन युक्त चीजें शरीर में एड्रेनालाईन के उत्पादन को बढ़ाने के लिए जानी जाती हैं, जिससे आपको अधिक पसीना आ सकता है। मसालेदार खाना भी पसीने बढ़ाने का काम कर सकता है। ऐसे में पसीने को नियंत्रित करने के लिए शराब और कैफीन का सेवन सीमित करें और हल्के खाद्य पदार्थों का सेवन करें।

टाइट कपड़े न पहनें

अधिक पसीने से बचने के लिए खुद को ठंडा रखने की कोशिश करें। इसके लिए हल्के और हवादार कपड़े पहनें। कॉटन और लिनन जैसे कपड़े आपको ठंडा और आरामदायक रखने में मदद कर सकते हैं। गर्मियों में पॉलिएस्टर और नायलॉन जैसे कपड़ों को पहनने से बचना चाहिए। इसका कारण है कि गर्मी में ये परेशान करते हैं। इसके साथ ही पैरों में खुले पंजे वाले जूते या सैंडल पहने और मोटे मोजे पहनने से बचें।

एंटीपर्सपिरेंट डियोडोरेंट का इस्तेमाल करें

रात में एंटीपर्सपिरेंट डियोडोरेंट लगाना गेम–चेंजर हो सकता है। यह पसीने की ग्रंथियों को अधिक पसीना उत्पादित करने से रोक सकता है। रात में एंटीपर्सपिरेंट लगाने से उत्पाद पूरी तरह से त्वचा में अवशोषित हो जाता है और दिन शुरू होने से पहले ही काम करना शुरू कर देता है। इसके बाद दिनभर पसीना कम आता है। अगर आप शरीर की दुर्गंध से परेशान हैं तो गर्मियों में हमेशा अच्छी महक बनाए रखने के लिए इन घरेलू नुस्खों को आजमाएं।

क्रिएटिव तरीकों से गर्मी से बचें

अपने कमरे के चारों ओर ठंडी हवा के लिए एक पंखे के सामने बर्फ का कटोरा रखें और दिन के दौरान अपने पर्दे को ढक दें ताकि सूरज आपके घर को गर्म न करें। आप चाहें तो अपने घर में ठंडक देने वाले पौधे भी रख सकते हैं। यदि आप बाहर हैं तो सीधे धूप से बचने के लिए छायादार स्थानों की तलाश करें। इसके अतिरिक्त त्वचा की ठंडक के लिए आप अपने मॉइस्चराइजर को फ्रिज में रख सकते हैं।

विच हेजल या सेब का सिरका लगाएं

विच हेजल एक हर्ब है जो पसीने की ग्रंथियों को नियंत्रित करने करके नमी को कम करने में मदद कर सकता है। दूसरी ओर रात भर पसीने को नियंत्रित करने के लिए शाम के समय अपने अंडरआर्म्स को साफ करके इन पर सेब का सिरका पानी के साथ मिलाकर लगाएं। ये दोनों घरेलू नुस्खे जरूरत से ज्यादा आने वाले पसीने से प्रभावी बचाव का काम कर सकते हैं।

## सिल्वर कट आउटफिट में दिशा पाटनी ने दिखाया हुस्न का जलवा, फोटो देखकर फैंस ने भरी आहें

बॉलीवुड एक्ट्रेस दिशा पाटनी सोशल मीडिया पर अपनी अदाओं से फैंस के दिलों को बेकरार करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी स्टाइलिश तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं।



एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने फैंस को इंप्रेस करने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। कट आउट शिमरी आउटफिट में एक्ट्रेस दिशा पाटनी गजब की बला लग रही हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आ रही हैं। डीपनेक आउटफिट में एक्ट्रेस दिशा पाटनी की तस्वीरों ने सोशल मीडिया का टेम्पेरेचर हाई कर रखा है, उनकी तस्वीरें फैंस को बेताब कर रही हैं। एक्ट्रेस भले ही फिल्मों में कम धमाल कर रही हों लेकिन, सोशल मीडिया पर वो फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ाना बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने बिकिनी लुक्स अक्सर शेयर करती रहती हैं। उनकी तस्वीरें पल भर में सोशल मीडिया की सुर्खियां बन जाती हैं। दिशा का बोल्ड स्टाईल चाहे वो साड़ी में हो या फिर बिकनी में सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाता है। दिशा पाटनी का जन्म 13 जून 1993 को देहरादून में हुआ था। साथ ही दिशा पाटनी ने एक्टिंग की दुनिया में डेब्यू साल 2015 में आई फिल्म लोफर से किया था। बॉलीवुड में दिशा को पहचान फिल्म एमएस धोनीरू अनटोल्ड स्टोरी से मिली। इसके बाद दिशा टाइगर श्रॉफ के साथ बागी 2 में और सलमान खान के साथ मूवी भारत में नजर आई हैं। एक्ट्रेस दिशा पाटनी अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं। उनकी तस्वीरें देखकर फैंस आहें भरते रहते हैं।






## शाहिद कपूर की ब्लडी डैडी का टीजर जारी, 9 जून को जियो सिनेमा पर होगा प्रीमियर




बॉलीवुड के श्कबीर सिंह्य शाहिद कपूर साल 2023 में धमाल मचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. एक्टर की कई बैक टू बैट फिल्में आने वाली हैं. फिलहाल एक्टर अपनी अपकमिंग फिल्म ब्लडी डैडी को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं. बीते दिन फिल्म का धांसू पोस्टर रिलीज किया गया था जिसमें शाहिद का इंटेंस लुक काफी इम्प्रेसिव था. वहीं आज फिल्म का धमाकेदार टीजर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी अनाउंस कर दी गई है.

फिल्म का टीजर अपने नाम की तरह ही खून से लथपथ है. टीचर की शुरुआत शाहिद से होती है इसके फौरन बाद उनके हाथ में चाकू नजर आता है और फिर शाहिद एक के बाद एक लोगों को मारते नजर आते हैं. फिल्म का टीजर देख अंदाजा लगाया जा सकता है कि शाहिद एक बार फिर अपने खतरनाक वहीं टीजर को जारी करते हुए शाहिद ने कैप्शन में रिलीज डेट भी अनाउंट की है. कैप्शन में लिखा है, फिल्मों में एक ब्लडी गुड टाइम के लिए रेडी हो जाइए. ब्लडी डैडी 9 जून 2023 को जियो सिनेमा पर. यानी ये फिल्म थिएट्रिकल रिलीज की बजाय ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर डायरेक्ट रिलीज होगी.

वहीं बीते दिन शाहिद ने ब्लडी डैडी का पोस्टर कर फिल्म में अपना फर्स्ट लुक रिवील किया था. पोस्चर में शाहिद एंग्री अवतार में नजर आ रहे हैं. उनकी नाक पर चोट का निशान, आंखों में गुस्सा और शर्ट के कॉलर पर खून लगा नजर आ रहा है. शाहिद के इस इंटेंस लुक को देखन के बाद फैंस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो गए हैं.

शाहिद कपूर के ब्लडी डैडी में इंटेंस लुक ने फैंस के रौंगटे खड़े कर दिए हैं. फिल्म में रोनित रॉय, संजय कपूर, डायना पेंटी और विवान भतेना भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे. बता दें कि ब्लडी डैडी साल 2011 में रिलीज हुई फ्रेंच फिल्म नट ब्लैंच का ऑफिशियल अडॉप्शन है.

## कन्नड़ फिल्म केडी की शूटिंग के दौरान संजय दत्त को लगी चोट

बॉलीवुड सुपरस्टार संजय दत्त फिलहाल बेंगलुरु के आसपास के इलाकों में अखिल भारतीय कन्नड़ फिल्म केडी की शूटिंग कर



रहे हैं। वह एक बम विस्फोट सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि बम विस्फोट के सीन की शूटिंग के दौरान संजय दत्त की कोहनी, हाथ और चेहरे पर चोटें आई। इस घटना के बाद फिल्म की शूटिंग रोक दी गई है। फाइट मास्टर डॉक्टर रवि वर्मा फिल्म के लिए फाइट कंपोज कर रहे थे। घटना की सटीक जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। फिल्म उद्योग के सूत्रों ने बताया कि यह घटना बेंगलुरु के मगदी रोड पर हुई थी। फिलहाल, संजय दत्त चोटों से उबर रहे हैं। केजीएफ चौप्टर 1 और 2 के बाद, संजय दत्त एक्शन हीरो ध्रुव सरजा की कन्नड़ फिल्म केडी में एक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। केडी प्रेम द्वारा निर्देशित है और केवीएन बैनर के तहत निर्मित है। बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी भी फिल्म में एक प्रमुख भूमिका निभा रही हैं।

## क्या है टिंटेड मॉइस्चराइज और क्यों इसे त्वचा की देखभाल वाले रूटीन में करना चाहिए शामिल?



क्या आपने कभी टिंटेड मॉइस्चराइजर के बारे में सुना है? अगर नहीं तो आपको बता दें कि यह हल्के रंग वाला मॉइस्चराइजर होता है। यह त्वचा पर बीबी क्रीम की तरह काम करता है। इसमें ह्यूमेक्टेंट, एंटी–ऑक्सीडेंट और आयरन ऑक्साइड, टाइटेनियम डाइऑक्साइड जैसे तत्व होते हैं। आइए आज हम आपको टिंटेड मॉइस्चराइज का इस्तेमाल, इसके फायदे और नुकसान के बारे में बताते हैं ताकि इसे त्वचा की देखभाल वाले रूटीन में शामिल करना आपके लिए आसान हो सके।

टिंटेड मॉइस्चराइजर के फायदे

टिंटेड मॉइस्चराइजर की स्थिरता किसी भी अन्य क्रीम की तुलना में हल्का होता है। वहीं बीबी क्रीम के विपरीत आप टिंटेड मॉइस्चराइजर को अलग–अलग रंगों में चुन सकते हैं। यह त्वचा के दाग–धब्बों को छिपाने के साथ–साथ त्वचा को मॉइस्चराइज भी मदद करता है। टिंटेड मॉइस्चराइजर बहुमुखी होते हैं क्योंकि ये त्वचा को एक प्राकृतिक चमक देने और हाइड्रेट करते हैं और यहां तक कि इसे लगाने के बाद आपको प्राइमर और फाउंडेशन लगाने की भी जरूरत नहीं है।

टिंटेड मॉइस्चराइजर से होने वाले नुकसान

टिंटेड मॉइस्चराइजर में एंटी–एजिंग या वाइटनिंग गुण नहीं होते हैं। यह त्वचा पर कम समय के लिए रहता है और त्वचा पर रंग भी कम देता है। अन्य उत्पादों में एसपीएफ ज्यादा होते हैं, जबकि टिंटेड मॉइस्चराइजर में एसपीएफ 15 से 30 होता है। बीबी क्रीम में तो यह 30 से शुरू होता हैं। हालांकि, बीबी क्रीम या फाउंडेशन जैसे उत्पादों की तुलना में टिंटेड मॉइस्चराइज थोड़ा महंगा होता है। ऐसे में फाउंडेशन की बजाय बीबी क्रीम लगाएं।

टिंटेड मॉइस्चराइजर इस्तेमाल करने का सही तरीका

सबसे पहले चेहरे को माइल्ड फेस क्लींजर से साफ करें और फिर किसी भी अन्य लोशन या क्रीम की तरह टिंटेड मॉइस्चराइजर की थोड़ी मात्रा लेकर चेहरे पर लगाएं। अगर आपको डेवी मेकअप लुक चाहिए तो यह उत्पाद अकेला ही काफी है, लेकिन यदि आप मैट फिनिश लुक चाहती हैं तो टिंटेड मॉइस्चराइज के बाद शीयर पाउडर का भी इस्तेमाल करें। हमेशा अपनी त्वचा के रंग के सबसे करीब वाले टिंटेड मॉइस्चराइजर को ही चुनें।

फाउंडेशन, बीबी क्रीम और टिंटेड मॉइस्चराइजर में क्या है अंतर?

फाउंडेशन और टिंटेड मॉइस्चराइजर के बीच एक अंतर यह है कि फाउंडेशन में टाइटेनियम ऑक्साइड लगभग 14 से 15 प्रतिशत मात्रा में मौजूद होता है, जबकि टिंटेड मॉइस्चराइजर में यह लगभग 3 प्रतिशत मात्रा में मौजूद होता है। इस सामग्री का इस्तेमाल त्वचा को रंग देने के लिए किया जाता है। वहीं बीबी क्रीम के विपरीत टिंटेड मॉइस्चराइजर विभिन्न रंगों में उपलब्ध होते हैं और त्वचा के लिए हल्के रहते हैं।